www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–125 । सागर, सोमवार 23 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

शाहगढ़ हाई-वे अतिक्रमण ने न्यायमूर्ति और कमिश्नर के वाहन रोके पृष्ठ 2
▸ गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?
▸ ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं पृष्ठ 4
▸ उपसचिव के बाद कलेक्टर ने राशन स्टॉक जांच के लिए नियुक्त किया था जांच दल, खाद्य विभाग के सामने पड़ा बौना पृष्ठ 6
लग्जरी कार से पकड़ी 30 पेटी शराब, पुलिस देखकर लेहदरा नाका बायपास पर भागे, कीचड़ में कार फंसी तो पकड़ा पृष्ठ 8

### इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका भी कूदा

# ईरान के परमाणु ठिकानों पर किया हमला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** इजरायल-ईरान युद्ध के बीच में अब अमेरिका सीधे कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। ट्रम्प ने ईरान पर हमले के 3 घंटे बाद देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईरान की अहम न्यूक्लियर साइट्स पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं। फोर्डो पर बमों की एक पूरी खेप गिरा दी गई है। ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए कहा कि अब उसे शांति कायम करनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करता है, तो उस पर और बड़े हमले किए जाएंगे। उधर अमेरिका की इस कार्रवाई से भड़के ईरान ने इजरायल पर हमले तेज कर दिये हैं और तेलअवीव को मुख्य रुप से निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिकी हमले को लेकर लगभग पूरी दुनिया ने गहरी चिंता जताई है। चीन और रुस ने इस कार्रवाई का सीधा विरोध किया है।





> हमलों का मकसद ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकना और दुनिया को परमाणु खतरों से बचाना था। यह हमला एक शानदार सैन्य सफलता रहा।
> **–डोनाल्ड ट्रम्प**, राष्ट्रपति, अमेरिका

> 'ईरान को अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने और मुंह तोड़ जवाब देने का पूरा वैध अधिकार है। हमारे सभी विकल्प खुले हैं।
> **– अब्बास अराघची, विदेश मंत्री, ईरान**

अमेरिका में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ चीफ जनरल डैन केन ने कहा कि ईरान में चले ऑपरेशन का नाम 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' था। इसमें 125 से ज्यादा विमान शामिल थे। इसमें 7 स्टील्थ बी–2 बॉम्बर्स शामिल हुए। बी–2 बॉम्बर्स ने इन विमानों ने ईरान की फोर्डो और नतांज परमाणु साइटों पर करीब 1400 किलो के भारी बम गिराए। वहीं, इस्फहान पर टॉमहॉक मिसाइलें दागी गईं। जनरल केन ने बताया कि इस मिशन में धोखे की रणनीति भी अपनाई गई। कुछ बमवर्षक विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया, ताकि ईरान को लगे कि हमला उधर से होगा, असली हमला दूसरी दिशा से किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी की तत्काल शांति बहाली की अपील

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने मसूद पेजेशकियन के साथ मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और चिंता व्यक्त की। उन्होंने तत्काल तनाव को कम करने के लिए सभी मामलों को कूटनीति के जरिए सुलझाने और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा बहाल करने की अपील की।

## विश्व समुदाय ने हमलों पर चिंता जताई

मैं आज ईरान के खिलाफ अमेरिका द्वारा बल प्रयोग से बहुत चिंतित हूं। इस कार्रवाई पहले से ही संकटग्रस्त उस क्षेत्र में टकराव में और खतरनाक वृद्धि होगी तथा यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक सीधा खतरा है ।
**–एंटोनियो गुटेरेस,** महासचिव, संयुक्त राष्ट्र संघ

किसी स्वतंत्र देश में मिसाइल और बमों से हमला करना का निर्णय लेना गैर–जिम्मेदाराना है। चाहे इसके लिए कुछ भी तर्क दिए जाएं, लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है।
**–विदेश मंत्रालय,** रूस

अमेरिका की कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उद्देश्यों और सिद्धांतों का उल्लंघन है। इससे मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ेगा ।
**– विदेश मंत्रालय,** चीन

## पहलगाम हमले के आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार

**जम्मू, देशबन्धु।** पहलगाम आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 26 लोगों की जान लेने वाले इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को शरण देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि बारामुल्ला पुलिस ने 21 जून को पट्टन इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से आपत्तिजनक सामग्री के साथ जिंदा कारतूस बरामद किए।

एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। एनआईए ने कहा कि परवेज और बशीर ने हमले से पहले हिल पार्क में एक मौसमी ढोक (झोपड़ी) में तीन सशस्त्र आतंकियों को जानबूझकर शरण दी थी। ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### सूचना देने वालों को 20 लाख का इनाम

पूछताछ में शामिल लोगों में वे लोग भी शामिल हैं जो बैसरन मैदानों में पर्यटकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करते थे – खाद्य–स्टॉल मालिक, जिपलाइन ऑपरेटर और टट्टूवाले। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन संदिग्धों के स्केच जारी किए थे, जिनकी पहचान अनंतनाग निवासी आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानी नागरिकों – अली भाई उर्फ तल्हा भाई और हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में हुई है – जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने हमला किया था। बाद में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर दिखाई दिए, जिसमें हमले के अपराधियों की गिरफ्तारी या उन्हें बेअसर करने में मदद करने वाली सूचना के लिए इनाम की पेशकश की गई। अधिकारियों ने संदिग्धों को पकड़ने में जनता के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 20 लाख रुपए का इनाम देने की पेशकश की है, जिसका उद्देश्य चल रही जांच प्रक्रिया में तेजी लाना है।

### मुख्यमंत्री ने बीच रास्ते रुकवाया काफिला

## आम खरीदे और बच्चों को खिलाए, बोले- मन लगाकर पढ़ना



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। पूछा–रोज कितने के आम बेच लेती हो? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 4 सौ से 5 सौ रूपए के आम बिक ही जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पास ही खड़ी बसंती की बेटी को देखकर पूछा– क्या ये बिटिया स्कूल जाती है? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है। मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी धर्मपत्नी सीमा यादव ने महिलाओं से खरीदे हुए आम वहां एकत्रित सभी नन्हे–मुन्ने बच्चों में बांट दिए। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों से भी बाल सुलभ संवाद किया और पूछा क्या नाम है, स्कूल जाते हो? उमेश, साक्षी और रिया ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कहीं।

## सार-समाचार

### ईरान से 311 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची उड़ान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजरायल के साथ संघर्ष में उलझे ईरान में फंसे लोगों को निकालने के लिए शुरू ऑपरेशन सिंधु के तहत रविवार को 311 भारतीय नागरिकों को लेकर एक और विशेष उड़ान यहां पहुंची। मौजूदा उड़ान के साथ अब तक 1,428 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। 22 जून को 16.30 बजे 311 भारतीय नागरिकों को लेकर मशहद से एक विशेष उड़ान नई दिल्ली पहुंची।

### मिस्र के विदेश मंत्री ने अपनी भारत यात्रा की स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर, मिस्त्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा स्थगित कर दी है। यह यात्रा सोमवार से शुरू होने वाली थी। इससे पहले, श्री अब्देलती फरवरी में भारत की यात्रा पर आने वाले थे लेकिन कुछ कारणों से उस दौरान भी यात्रा रद्द करनी पड़ी थी। श्री अब्देलती अपने प्रस्तावित नई दिल्ली दौरे के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात करने वाले थे।

### अत्याधुनिक युद्धपोत 'तमाल' नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस में निर्मित अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ युद्धपोत आगामी एक जुलाई को भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा। नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना के अनुसार इस युद्धपोत का निर्माण रूस के तटीय शहर कैलिनिनग्राद में यांतर शिपयार्ड में किया गया है जहां एक समारोह में औपचारिक रूप से इसे नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। यह युद्धपोत रडार को धोखा देने वाली प्रणाली तथा आधुनिक हथियारों से लैस है। विदेशी सरजमीं से नौसेना में शामिल किया जाने वाला यह आखिरी युद्धपोत है।

### नवीन पटनायक की 'सर्वाइकल अर्थराइटिस' की सर्जरी सफल

**मुंबई, एजेंसी।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक की सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। वे बेहतर इलाज के लिए मुंबई गए थे और उनका ऑपरेशन सफल रहा है। दरअसल, नवीन पटनायक की सर्जरी मशहूर सर्जन डॉ. रमाकांत पांडा की देखरेख में की गई। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, नवीन पटनायक का ऑपरेशन सफल रहा और वे अगले दो दिनों तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे।


### मुर्शिदाबाद में डंपर ने मारी ट्रैक्टर को टक्कर, 5 की मौत

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां दुर्घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। मामला मुर्शिदाबाद के कंडी इलाके का है।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में सवार तीर्थयात्री कंडी से बरहामपुर जा रहे थे, तभी तीर्थयात्रियों से भरा ट्रैक्टर कंडी थाना के गोकर्ण इलाके में एक डंपर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार महिला तीर्थयात्रियों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पता चला है कि ट्रैक्टर में 23 तीर्थयात्री सवार थे, जो बाली ग्राम मंदिर के धार्मिक तालाब में स्नान कर लौट रहे थे, तभी एक डंपर के साथ हुई टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस हादसे में ट्रैक्टर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही उन्होंने घायलों को पास के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पश्चिम बंगाल में इससे पहले भी कई सड़क हादसे सामने आए हैं।

## मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात के बीच हवाई क्षेत्र बंद



### चेन्नई लौटा ब्रिटिश एयरवेज का विमान

**चेन्नई, एजेंसी।** अमेरिका–ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण मिडिल ईस्ट के एयर स्पेस को अचानक बंद कर दिया गया है, जिसके बाद लंदन जाने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट को रविवार सुबह चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन वापसी करनी पड़ी। फ्लाइट बीए276 चेन्नई से सुबह 6.24 बजे रवाना हुई थी। यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय सुबह 5.35 बजे से लगभग एक घंटा पीछे थी। इस फ्लाइट में 247 पैसेंजर्स और 15 क्रू मेंबर्स सवार थे। विमान बेंगलुरु को पार कर अरब सागर के ऊपर से गुजर रहा था। तभी पायलट को तत्काल सूचना मिली कि मिडिल ईस्ट एयरस्पेस के प्रमुख हिस्सों को बंद कर दिया गया है। इसके चलते लंदन के लिए नियोजित उड़ान मार्ग दुर्गम हो गया है। एयरस्पेस बंद करने की खबर कथित तौर पर ईरानी ठिकानों पर रात भर अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद आई, जिसके बाद क्षेत्रीय अधिकारियों ने एहतियातन नागरिक उड़ानों को रोक दिया। अलर्ट की सूचना मिलने पर, फ्लाइट क्रू ने तुरंत चेन्नई और लंदन दोनों एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से संपर्क किया। अधिकारियों ने एयरक्राफ्ट को चेन्नई लौटने का निर्देश दिया। विमान ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### विमान हादसे के बाद डीजीसीए सख्त

## उड़ान संचालन को लेकर दिशा निर्देशों में किया संशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा–निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय–सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

अनुसूचित और गैर–अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को परिचालन परिपत्र जारी करते हुए डीजीसीए ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए, ताकि सटीक दृष्टिकोण और लैंडिंग आकलन सुनिश्चित हो सके, तथा बारिश में या गीली हवाई पट्टी पर रात्रि परिचालन के दौरान होने वाले दृश्य भ्रम से निपटा जा सके। यह सर्कुलर हाल ही में केदारनाथ क्षेत्र में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं और श्रीनगर जा रही एक इंडिगो फ्लाइट में गंभीर टर्बुलेंस की घटना के बाद आया है। परिचालन संबंधी अनिश्चितता पर जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने उड़ान चालक दल को अत्यधिक सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है, 'जिसमें समय–सारिणी के पालन पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो फ्लाइट रद्द

**चंडीगढ़, एजेंसी।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद फ्लाइट्स में तकनीकी समस्या की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जिसके चलते रोजाना कई उड़ानों को रद्द करना पड़ रहा है। ताजा मामला इंडिगो की चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाले हवाई जहाज का है, जिसे उड़ान भरने से पहले ही रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 146 को उड़ान भरने से पहले रोक दिया गया। फ्लाइट में लगभग 160 यात्री मौजूद थे। ये फ्लाइट रविवार सुबह 8:30 बजे चंडीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना होने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया।

## लालू बने रहेंगे राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**पटना, देशबन्धु।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को मीडिया को जानकारी दी कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू होगी, और 5 जुलाई को चुनाव होगा। दरअसल, यह चुनाव सिर्फ एक औपचारिकता भर लग रहा है, क्योंकि पार्टी के भीतर लालू यादव को फिर से अध्यक्ष बनाए जाने पर सर्वसम्मति है। सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही रहेंगे। पूरी पार्टी की इच्छा है कि वही पार्टी का नेतृत्व करें। वह सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। जब उनसे लालू यादव के स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी चिंता की बात नहीं है। काम आज भी लालू के दिशा–निर्देश में हो रहा है और आगे भी होता रहेगा। पार्टी में उनकी भूमिका अहम है, और वह पहले की तरह सक्रिय रहेंगे, उन्होंने स्पष्ट किया। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर दी जा सकने वाली जिम्मेदारी को लेकर भी सिद्दीकी ने प्रतिक्रिया दी। वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ■ शेष पृष्ठ 5 पर

### चुनाव से पहले राजनीति गर्माई

## लालू बिहार के इकलौते गब्बर सिंह : चौधरी

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में करीब 4 महीने बाद विधानसभा का चुनाव होने वाला है। लेकिन इससे पहले बिहार की राजनीति गरमा गई है। अब बिहार की राजनीति में गब्बर सिंह की एंट्री हो गई है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को विलेन बताते हुए कहा कि लालू बिहार के इकलौते गब्बर सिंह हैं। जिसने मुख्यमंत्री रहते बिहार में डर पैदा किया। उनके शासनकाल में हर कोई दहशत में रहता था। जबतक लालू राजनीति में रहेंगे तबतक लोगों को यह डर लगा रहेगा कि कहीं फिर से लालू ना आ जाएं। उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने माता–पिता के कार्यकाल के विकास के आंकड़ों पर बहस करने की चुनौती दे डाली। पटना में मीडियासे बातचीत करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू ने अपने शासनकाल में लोगों के बीच डर पैदा करने का काम किया। उनके राज में शाम होने के बाद कोई घर से निकलता नहीं था। लालू–राबड़ी के राज में बिहार के 12 लाख लोगों को पेंशन मिलता था आज यह आंकड़ा एक करोड़ पार हो गया है।

### चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग के बड़े कदम की तैयारी

## बिहार में घर-घर जाकर मतदाता सूची की होगी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर–घर जाकर व्यापक सत्यापन अभियान चलाने पर विचार कर रहा है। यह कदम मतदाता सूचियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने और फर्जी या अपात्र नामों को हटाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

चुनाव आयोग को लंबे समय से विभिन्न नागरिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों की ओर से मतदाता सूची में नामों के अनुचित जोड़–घटाव को लेकर चिंता जताई जाती रही है। आयोग ने बार–बार यह स्पष्ट किया है कि केवल वैध और पात्र नागरिकों को ही मतदाता सूची में शामिल करना उसकी प्राथमिकता है।

भारत के संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 इस संबंध में मतदाता पंजीकरण की पात्रता और अपात्रता को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हैं।

- राजनीतिक दल मतदाता सूची को लेकर उठाते रहे हैं सवाल
- हर केंद्र पर मतदाताओं की सीमा 12 सौ की

चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची के निरंतर अद्यतन की आवश्यकता कई कारणों से होती है। विवाह, नौकरी, शिक्षा या पारिवारिक कारणों से लोग लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होते हैं। वर्ष 2024 में ही 46.26 लाख लोगों ने अपने पते में बदलाव किया, 2.32 करोड़ ने सुधार के लिए आवेदन दिया और 33.16 लाख ने पहचान पत्र बदलने का अनुरोध किया। मृतकों के नाम अक्सर परिवारजन द्वारा हटवाए नहीं जाते, जिससे सूची में त्रुटियां बनी रहती हैं। वहीं, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और नाम, फोटो, पता आदि में सुधार करना भी शामिल है।

निर्वाचन आयोग ने हाल ही में प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की सीमा 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी है। साथ ही प्रयास है कि कोई भी मतदाता 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय न करे। विदेशी अवैध प्रवासियों की पहचान और नामों की छंटनी करना भी एक बड़ा टास्क होता है।

चुनाव आयोग ने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों को दावे, आपत्तियां और अपील दाखिल करने का पूरा अवसर दिया जाता है। फिर भी कुछ दल और समूह आरोप लगाते हैं कि मतदाता सूची में जानबूझकर हेराफेरी की जाती है।

# शाहगढ़ हाई-वे अतिक्रमण ने न्यायमूर्ति और कमिश्नर के वाहन रोके

## दूसरे दिन तहसीलदार ने जेसीबी मशीन से हटाया अतिक्रमण



**शाहगढ़, देशबन्धु।** रविवार को तहसीलदार जीसी राय और सीएमओ विनय मिश्रा ने राजस्व विभाग नगर परिषद अमला, पुलिस बल को लेकर हाईवे स्थित सड़क किनारे दोनों तरफ के अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया। नगर हाइवे स्थित सड़क किनारे पसरे अतिक्रमण से बाधित हों रहें आवागमन की वजह से आये दिन जाम की स्थिति बनती रही है। हालांकि स्थानीय प्रशासन ने समय-समय पर हाईवे पर सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाया और टैक्सी वाहनों को खड़ा करने जगह भी बनाई गई थी लेकिन हर बार की तरह प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुये धीरे-धीरे सड़क किनारे अतिक्रमण कर लिया, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कमिश्नर और न्यायाधीश आदि जब इस सड़क मार्ग से निकले तो उन्हें भी अतिक्रमण की वजह से बाधिक हुये आवागमन में फंसे रहे और कुछ देर के लिये उनका भी वाहन रुका रहा, इसके पहले एंबुलेंस, फायर वाहन आदि को भी यहां रुकना पड़ा था इसलिये रविवार को स्थानीय प्रशासन को सख्ती से अचानक यह कदम उठाना पड़ा। नगर से दो मुख्य सड़कें गुजरती हैं। इनमें सागर कानपुर हाईवे रोड और झांसी ललितपुर मार्ग शामिल हैं। इसके बाद इन दोनों सड़कों को जोड़ने के लिये बीच से छह रास्ते जाते हैं, जिनके दोनों तरफ मार्केट लगती है। अब दोनों मुख्य मार्गों के साथ ही बाजार से गुजरने वाले छह अन्य मार्गों के फुटपाथ पर गुमटी, ठेला टैक्सी आदि सभी पर पटरी लग रही हैं, जिसके चलते हाइवे पर निकलें वाहनों और बाजार जाने वाले लोगों को फुटपाथ से उतरकर सड़क पर चलना पड़ता है। इससे सड़कों पर वाहनों के चलने की जगह नहीं मिलती है।

### प्रतिदिन हाईवे पर जाम में फंस रहते लोग

सागर जिला मुख्यालय सहित टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर का एक अस्सी किलों मीटर के दायरे में बीचों बीच शाहगढ़ जो हाईवे पर बसा हुआ है इसके अलावा नगर के आसपास भी काफी आवासीय क्षेत्र भी है, लेकिन अतिक्रमण होने से आये दिन वाहन बाधित होकर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती रहती है, इधर से अथवा इस हाईवे से निकलकर अपने दफ्तर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व अन्य जगह जाने के लिये सभी को घंटों जाम में फंसना पड़ता है। खासकर दिन में भारी जाम लगा रहता है, जिसके चलते स्थानीय लोगों को घर से निकलकर कुछ किलोमीटर जाने में ही अधिक समय लग जाता है। इतना ही नहीं, कभी-कभी आपातकालीन स्थिति में दमकल और एम्बुलेंस भी समय से नहीं पहुंच पाती।

## आज होगा आर्यिका श्री संसघ का नगर में मंगल प्रवेश



**मालथौन, देशबन्धु।** जैन समाज मालथौन को आर्यिकाश्री सूत्रमती माताजी संसघ का बर्षायोग चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आर्यिका सूत्रमति माताजी, आर्यिका शीतलमति, आर्यिका कर्तव्यमति, आर्यिका श्रुतमति माताजी का सागर से मालथौन की और पिछले एक सप्ताह से बिहार से चल रहा है। रविवार को पाली से बिहार कर आर्यिका संसघ रजवांस ग्राम पहंची, जहां उनकी आहार चर्या संपन्न हुई। दोपहर में रजवांस से बिहार कर पलेथिनी ग्राम पहुची। रात्रि विश्राम पलेथिनी ग्राम में हुआ है। सोमवार की सुबह बिहार कर आर्यिका श्री संसघ मालथौन पहुंचेगी, उनके आगमन पर नगर में जैन समाज भव्य अगवानी कर मंगल प्रवेश करायेगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया सामूहिक योगाभ्यास



**देवरीकलां, देशबन्धु।** पं. बृजकिशोर पटेरिया शिक्षा महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सभी प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार और विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करते हुये भ्रामरी, अनुलोम.विलोम, कपालभाति आदि प्राणायाम करते हुये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया। अंत में ऊं का उच्चारण करते हुये सामूहिक योगाभ्यास का समापन हुआ। इस दौरान सभी ने स्वस्थ और निरोगी जीवन जीने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। विवेचना मिश्रा ने विभिन्न आसनों एवं उनसे संबंधित स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ के साथ छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## वैवाहिक पत्रिका विमोचन के साथ होगा ब्राह्मण समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** रविवार के कैंट स्थित प्रसिद्ध हनुमान परेड मंदिर में पुरोहित पुजारी विद्वत संघ एवं ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय किया गया कि वैवाहित पत्रिका विमोचन के साथ ही मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पं. राजेंद्र प्रसाद पांडेय सानौधा ने कहा कि 10वीं, 12वीं कक्षा में किसी भी बोर्ड से परीक्षा में 75 प्रतिशत अंकों से ऊपर अंक प्राप्त संभाग भर के ब्राह्मण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया कि जो भी विद्यार्थी 10वीं,12वीं वार्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक या इससे ऊपर अंक की पात्रता रखते है वो 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं, आवेदन में नाम, पिता का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर अंकसूची की फोटोकॉपी और एक पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना अनिवार्य है। धर्माधिकारी पं. बृजेश महाराज ने बताया कि छात्र-छात्राओं के आवेदन जमा करने के लिये एक स्थान होटल आशीर्वाद सिविल लाइन तय किया गया है साथ ही मोबाइल नंबर 9302492041 वॉट्सएप पर भी भेज सकते है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने वैवाहिक पत्रिका की जानकारी देते हुये बताया कि बड़ी संख्या में बायोडाटा प्राप्त हुये है जिनमें 981 युवक एवं 403 युवतियों के सहित कुल 1384 बायोडाटा है जिनकी प्रूफरीडिंग और संपादन का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही अन्य प्रक्रिया पूरी की जाकर पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। पं. बालमुकुंद शास्त्री ने कहा कि आगामी बैठक में विमोचन की तारीख और स्थान तय किये जायेंगे। बैठक में पं. पप्पू तिवारी ने सागर में हो रहे संत समागम महायज्ञ एवं किशोरदास महाराज द्वारा श्रवण कराई जाने वाली भक्तमाल कथा के आमंत्रण सभी को भेंट किये। अंत में कथावाचकों द्वारा मंचों से व्यासपीठ की मर्यादा वाणी से भंग ना हो आगामी बैठक में इसकी गाइड लाइन तय करने का निर्णय भी सर्व सम्मति से हुआ। बैठक का संचालन कर्मकांड प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पं. पंकज प्रसाद तिवारी ने किया आभार डॉ. रामचंद शर्मा ने व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में पुजारी पुरोहित कथावाचक एवं ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## गौ संकल्प पद यात्रा में शामिल संतों और पदयात्रियों का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा सागर के तत्वावधान में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर सागर पहुंची गौ संकल्प पद यात्रा का स्वागत किया गया। यह पद यात्रा झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम, गोटेगांव जिला नरसिंहपुर से प्रारंभ होकर 15 जून से चल रही है। सभा के अध्यक्ष एवं सभापति पं. राकेश कुमार दुबे सिदगुवां की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ संरक्षक पं. इन्द्रजीत दुबे के नेतृत्व में सभी साधु-संतों, महंतों, पुजारियों, पदयात्रियों और गौसेवकों का पुष्पमालाओं, शाल और श्रीफल अर्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नाम एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कर राष्ट्रीय संरक्षक सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। यह मांग ब्रह्मलीन जगतगुरु स्वरूपानंद सरस्वती के विचारों से प्रेरित होकर उनके अनुयायियों और शिष्य मंडल द्वारा की गई है। सभा द्वारा सभी पदयात्रियों के विश्राम व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। इसके पश्चात सभा के सदस्य, पदयात्रियों के साथ गढ़पहरा रानीपुरा तक पदयात्रा में सम्मिलित हुये एवं आगे की यात्रा हेतु सहयोग प्रदान किया। इस आयोजन में प्रेम नारायण रावत, केके दीक्षित, संतोष पचौरी, बलराम पाराशर, अनिल पाराशर, बद्री प्रसाद भारद्वाज, डॉ. तरुण बड़ोनिया, धर्मेन्द्र मिश्रा, शिवदयाल बड़ोनिया, नरेश तिवारी आदि सम्मिलित रहे।

## साहित्य सरस्वती मंच की इकत्तर वीं काव्य गोष्ठी संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** साहित्य सरस्वती मंच की इकत्तर वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन सरस्वती पुस्तकालय एवं वाचनालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. गजाधर सागर रहे। स्वागत भाषण वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम नारायण मलैया ने दिया, उन्होंने पुस्तक अध्ययन पर जोर दिया। आरंभ में मां सरस्वती की आराधना एवं वंदना का काव्य पाठ अरुण दुबे अरुण ने किया। द्वितीय सत्र में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें वर्तमान परिदृश्य पर, राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत कवितायें पूरन सिंह राजपूत, डॉ. दिनेश साहू, जीएल छत्रसाल, मणिदेव ठाकुर, केएल तिवारी अलबेला, एम शरीफ, सुमित मिश्रा, राजू चौबे, एड. आशीष नामदेव एवं उपस्थित कवियों ने काव्य पाठ किया। पुष्पेन्द्र दुबे कुमार सागर ने कार्यक्रम का संचालन किया। हेमन्त दुबे, राजेंद्र दुबे कलाकार ने श्रोता के रूप में भागीदारी की, मुकेश तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम पंचायत जमुनिया में 4 माह से रोजगार सहायक, 2 माह से सचिव का पद रिक्त, विकास कार्य ठप

**दिनेश सिंह लोधी**





**बण्डा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बण्डा अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया में प्रशासनिक लापरवाही के चलते ग्रामवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यहां पिछले चार महीने से रोजगार सहायक और दो महीने से सचिव का पद रिक्त होने के कारण पंचायत के सभी विकास कार्य ठप पड़े हुये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक पद पर प्रीतमलाल अहिरवार की नियुक्ति जनपद पंचायत बण्डा द्वारा 3 मई 2025 को की गई थी, लेकिन जिला पंचायत सीईओ सागर द्वारा अब तक उनका अंतिम पदस्थापना आदेश जारी नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर नवीन पदस्थ सचिव जयश्री अहिरवार द्वारा ज्वाइन करने के तुरंत बाद मेडिकल अवकाश ले लिया गया, जिससे पंचायत में सचिव भी मौजूद नहीं हैं। इस दोहरी रिक्तता की वजह से पंचायत में मनरेगा मजदूरी भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन आवेदन, जनहित प्रस्ताव, निर्माण कार्य और पेयजल जैसे आवश्यक कार्य रुक गये हैं। ग्राम के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र सचिव एवं रोजगार सहायक की पदस्थापना सुनिश्चित की जाये, ताकि पंचायत में रुकी हुई योजनाओं को गति मिल सके और ग्रामवासी राहत महसूस करें।

> यदि जल्द पोस्टिंग नहीं हुई तो पूरी की पूरी ग्राम पंचायत जमुनिया समस्त पंचों सहित कलेक्टर साहब को इस्तीफा सोंपेगी। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी ई मेल द्वारा सूचित किया जायेगा कि आप त्रि-स्तरीय पंचायतीराज राज से गांव नगर एवं शहर के विकास का आव्हान करते हैं किन्तु यहां कोई सुनने वाला नहीं है।
>
> -रामकुमार मिश्रा
> सरपंच प्रतिनिधि

## अभियान चलाकर समग्र ई केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करायें: कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने समग्र ई.केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समग्र पोर्टल पर दर्ज डुप्लीकेट समग्र आईडी का यथाशीघ्र सत्यापन कर उन्हें विलोपित किया जाये। परिवार आईडी के आधार पर सदस्य आईडी चिन्हित कर जिनकी ई.केवाईसी अब तक नहीं हुई है, उनकी ई.केवाईसी अनिवार्य रूप से कराई जाये। जिन समग्र आईडी की ई.केवाईसी पहले ही राशन पोर्टल पर अद्यतन की जा चुकी है, उनकी भी समग्र ई.केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये।

## नर्सरी की स्थापना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदमः डॉ. लाड़




**राहतगढ़, देशबन्धु।** मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ का जिले के राहतगढ़ विकासखंड में भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित एमएसडब्ल्यू छात्र के विशेष सहयोग से चलाई जा रही नर्सरी का निरीक्षण और मां सरस्वती के पूजन के पश्चात जन सूचना केंद्र, संस्कार केंद्र का उद्घाटन तथा नवांकुर संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। डॉ. लाड़ ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बहादुरपुर की नर्सरी का निरीक्षण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन सहभागिता को प्रोत्साहित किया। जन अभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे, नर्सरी स्थापना, संस्कार केंद्र, वाचनालय आदि के संचालन संबंधी कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त की। नवांकुर संस्थाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के निर्देश दिये समीक्षा बैठक में डॉ. लाड़ ने कहा नवांकुर संस्थायें अधिक से अधिक पौधे तैयार करें ताकि आने वाले समय में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां उन्हीं संस्थाओं से पौधे क्रय कर सकें। यह व्यवस्था आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा और स्थायी कदम होगा। उन्होंने सभी संस्थाओं को पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और योजना आधारित कार्यपद्धति अपनाने की सलाह दी। उन्होंने निर्देश दिया कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता, जन संवाद और अन्य रचनात्मक कार्यों का उपयुक्त डॉक्यूमेंटेशन किया जाये एवं इससे जुड़े व्यक्तियों का डेटा बैंक तैयार किया जाये। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों को परिषद की महत्वपूर्ण इकाई बताते हुये कहा कि जहां समितियां सक्रियता से कार्य नहीं कर रही हैं, वहां जन संवाद और स्थानीय गतिविधियों के माध्यम से समितियों को सक्रिय करें। विकासखंड समन्वयक से हरिराम अहिरवार, नवान्कुर संस्थाओं के विकास दीक्षित, शैतान सिंह राजपूत, तीरथ सिंह लोधी, अशोक पटेल, अरविंद कुशवाहा सहित परामर्शदाताओं देवकीनंदन, सौरव गोस्वामी उपस्थित रहे।

## शरीर को स्वस्थ बनाने के लिये योग बहुत जरूरी हैः डॉ. तिवारी

**सागर, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है आज से करीब 10 वर्ष पूर्व 21 जून 2015 को हमने पहला योग दिवस मनाया था तब से लेकर आज यह दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वैसे तो 21 जून उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन होता है और योग भी हमें दीर्घायु बनता है शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिये योग करना बहुत ही जरूरी है। वैसे तो योग हमारी भारतीय संस्कृति का एक भाग है फिर भी जब से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे पहचान मिली है जिससे हम सभी गौरांवित हैं। यह बात निवाड़ी से डॉ. रामनिवास तिवारी आशुकवि ने कही वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1588 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 266 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने सभी को विश्व योग दिवस की बधाई देते हुये संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से मणिदेव ठाकुर ने भक्तिभाव से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण में टीकमगढ़ से मुन्नालाल मिश्रा ने समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुये कहा कि जो व्यक्ति रचना और सृजना के साथ जीवन जी कर अपना नाम साहित्य सृजन की धारा में इस धरा पर करते हैं वह युग में स्थापित रहते हैं कालजयी रहते हैं। साहित्य सृजन की प्रखरता और समृद्धता तभी होती है जब हम साहित्य के स्थापित कालजई साहित्य धर्मियों के साहित्य को पढ़ते हैं आत्मसात करते हैं। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में काव्यपाठ हेतु रीवा से डॉ. बारेलाल जैन लाल एवं डॉ. जिनेश जैन संघर्षी, पृथ्वीपुर से रविशंकर बेलगैंया, टीकमगढ़ से दीनदयाल तिवारी बेताल, जबलपुर से जय श्रीकांत जय, दमोह से डॉ. प्रेमलता नीलम, बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी, सागर से पूरन सिंह राजपूत, देवकीनंदन रावत, डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक, अनिल जैन विनर, डॉ. करुणा ठाकुर ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में एलएन चौरसिया, पं. शुकदेव तिवारी, उमाकांत मिश्र श्यामलम आदि उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

## विश्वविद्यालय और आईसीपीआर नई दिल्ली के बीच एमओयू



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग किया गया। इसके तहत दोनों संस्थाओं के बीच यह करार हुआ कि दर्शनशास्त्र विभाग में संपादित भारतीय-दर्शन बृहत्कोश का प्रकाशन किया जायेगा, यह बृहत्कोश लगभग 13,500 पृष्ठों में 40 भागों में लिखा गया है। कोश का प्रकाशन ऑनलाइन एवं सजिल्द पुस्तकाकार दोनों ही प्रारूपों में किया जायेगा जिसका समस्त व्यय भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् वहन करेगी। इस प्रकाशन के आधार पर संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय दर्शन बृहत्कोश को भारतीय दर्शन के विद्वानों, विद्यार्थियों और आम पाठकों के लिये उपलब्ध कराया जाना है। यह सभी के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस एमओयू का हस्तान्तरण भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् के सदस्य सचिव प्रो. सच्चिदानन्द मिश्रा और दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार तिवारी के मध्य हुआ। इसके पीछे प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये दोनों पक्षों को शुभकामनायें प्रेषित की।

## खरीफ फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरकों पर कार्यशाला संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सागर एवं इफको के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. डीके सोलंकी, अध्यक्षता राजेश त्रिपाठी, संयुक्त संचालक कृषि सागर संभाग द्वारा की गई। प्रतीक गुप्ता क्षेत्रीय अधिकारी इफको ने नैनो उर्वरकों के समसामयिक महत्व एवं उनके प्रयोग पर जानकारी दी। डॉ. डीके सोलंकी ने इफको द्वारा विकसित नवीन कृषि उत्पादों एवं अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उर्वरकों की आपूर्ति की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशीष त्रिपाठी ने खरीफ फसलों में उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण पर उपयोगी जानकारी साझा की। जबलपुर से ऑनलाइन जुड़ीं इंदिरा त्रिपाठी अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन ने गुण नियंत्रण विषय पर प्रशिक्षण दिया। भोपाल से आये कमल जैन उपसंचालक ने एमपी किसान ऐप के तकनीकी पक्षों पर प्रस्तुति दी। राजेश त्रिपाठी ने जिले के समस्त कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खरीफ 2025 के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु प्रेरित किया। आत्मा परियोजना सागर के परियोजना संचालक मुकेश प्रजापति ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला, सहायक संचालक कृषि जयदत्त शर्मा ने सोयाबीन में मेड़ नाली पद्धति से बुआई के लाभ बताये। कार्यशाला में मंडल प्रबंधक मार्कफेड रोहित बघेल, सहायक संचालक संजय पाठक, अनिल राय, कुमुद कोरी, नेहा सौहगौरा सहित जिले के समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों की उपस्थिति रही।

## मोबाइल से दूर रहो, शतरंज से जुड़ोः महिमा चौबे



**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर की रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी द्वारा 82 वां साप्ताहिक निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को कांची रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीजी अकेडमी, रहली की प्राचार्य महिमा चौबे ने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाकर शतरंज जैसे खेलों से जुड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शतरंज खेलने से बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता और मानसिक विकास होता है। अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को मोबाइल का सीमित उपयोग करने दें और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ें। इस प्रशिक्षण में अजय उपाध्याय ने बच्चों को शतरंज के गुर सिखाये, कार्यक्रम की शुरुआत में अंगूरी अहिरवार द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 7 बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। यह आयोजन अधिवक्ता वीनू शमशेर जंग बहादुर राणा, एड. प्रवीण कुमार, पुष्पेन्द्र रावत, भरत, रूपेश, रचना आदिवासी और अंगूरी अहिरवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

*नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सागर की प्रथम छमाही बैठक संपन्न*

## समन्वित प्रयासों से राजभाषा कार्यान्वयन के लक्ष्यों की पूर्ति संभवः प्रो. नीलिमा गुप्ता



**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्र निर्माण हेतु स्वभाषा का सबल होना आवश्यक है। हम अपनी भाषा का जितना अधिक प्रयोग करेंगे यह उतनी ही सबल होगी। राजभाषा की समृद्धि के लिये आवश्यक है कि अधिकाधिक प्रशासनिक व्यवहार हिन्दी में ही हो। यह बात नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास की वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नराकास, सागर की अध्यक्ष एवं कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कही। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये सदस्य कार्यालयों द्वारा समन्वित प्रयास किये जाने पर बल दिया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक कार्यान्वयन, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य, राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार ने सदस्य कार्यालयों को राजभाषा नियमों से अवगत कराया तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन के लिये भारत सरकार की नीति प्रेरणा व प्रोत्साहन की नीति है। अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुये श्री मेहरा ने कहा कि आपके नेतृत्व में नराकास, सागर निःसंदेह ही भारत की अग्रणी नराकास के रूप में अपनी पहचान बनायेगी। विदित हो कि वर्तमान में देश में 537 नराकास क्रियाशील हैं। इस अवसर पर नराकास के सदस्य सचिव एवं डॉ. हरीसिंह गौर विवि के संयुक्त कुलसचिव व राजभाषा अधिकारी संतोष सोहगौरा ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये कहा कि राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारी जारी राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम का अनुपालन सुनिश्चित करना सभी केन्द्रीय कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों का दायित्व है। सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुये श्री सोहगौरा ने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं का भी समाधान किया। बैठक के दौरान नराकास, सागर की राजभाषा पत्रिका के प्रकाशन पर भी सहमति बनी। इसके अलावा सदस्य कार्यालयों के बीच राजभाषा संबंधी प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा हिन्दी पखवाड़े का आयोजन गरिमामयी ढ़ंग से किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन हेतु सदस्य कार्यालयों के सुझावों पर निर्णय लिये गये। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सागर नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों आदि में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर का गठन किया गया है जिसकी अध्यक्षता का दायित्व हाल ही में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को सौंपा गया है। उक्त बैठक में सागर एवं बीना स्थित सभी बैंक, पावरग्रिड ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.,भारतीय खाद्य निगम, भारत संचार निगम लिमिटेड, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सभी इंश्योरेंस कंपनी, आकाशवाणी, कार्यालय अधीक्षक, डाकघर, अधिशासी, छावनी परिषद, नगर के समस्त केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, मौसम विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं राष्ट्रीय सांख्यकीय कार्यालय सहित 40 से अधिक कार्यालयों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विगत छमाही के दौरान अपने कार्यालय में राजभाषा के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफइंडिया, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफइंडिया लि. एवं पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 01 को अध्यक्ष द्वारा उत्कृष्टता सम्मान से पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम का समन्वयन विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया जो कि वर्तमान में नरकास, सागर का सचिवालय भी है। बैठक का संचालन हिन्दी अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया। विशेष सहयोग राजभाषा प्रकोष्ठ के उच्च श्रेणी लिपिक विनोद रजक का रहा।

## सार समाचार

### खेत में काम कर रही लड़की को सांप ने काटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के खजुराहो थाना क्षेत्र के हटवाहा गांव की 17 वर्षीय मोहनी कुशवाहा को रविवार दोपहर 12 बजे खेत में काम करते समय साँप ने काट लिया। साँप के काटने से घायल मोहनी को तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। बताया गया है कि मोहनी पुत्र लखन कुशवाहा दोपहर में अपने खेत में काम कर रही थी तभी एक साँप ने उनकी हाथ की उंगली पर काट लिया। परिजनों ने तत्काल उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मोहनी का उपचार शुरू किया, और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### खुले तारों के करंट से दो गाय की दर्दनाक मौत

**हरपालपुर, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन परिसर में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से निकले खुले तारों की चपेट में आकर दो गायों की मौत हो गई है। लोगों ने बताया ट्रांसफार्मर के तार पिछले कई महीनों से खुले पड़े हैं, कई बार रेलवे कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई थी। मगर इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नतीजतन दो गायों की दर्दनाक मौत हो गई। इसे लेकर आक्रोशित लोगों का कहना है यदि समय रहते कार्रवाई होती तो ये हादसा टल सकता था। इस घटना की सूचना मिलते ही बिजली कंपनी और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंचकर तुरंत तार हटवाए और मृत गायों को दफनाने की कार्रवाई की गई।

### कार की चकाचौंध से गिरकर पति-पत्नी और पुत्र घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर कोतवाली क्षेत्र के सटई के पास बछौनिया में शनिवार की देर रात करीब 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दरअसल तेज रफ्तार कार की हेडलाइट की चकाचौंध से मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे मुकेश यादव 48 वर्ष, उनकी पत्नी उपमा यादव 40 वर्ष और बेटा अंश यादव 16 वर्ष घायल हो गए। ये सभी बिजावर से ग्राम बसारी, एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। घायलों को तत्काल उपचार के लिए सटई उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### डॉक्टोरल एन्ट्रेंस टेस्ट में 533 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा शोध स्तर की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के उददेश्य से पीएचडी के लिए डॉक्टोरल एन्ट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया गया। 17 विषयों की इस परीक्षा में कुल 533 अभ्यर्थियों ने भाग लिया है। परीक्षा के तत्काल बाद प्राथमिक उत्तर कुंजी प्रोविजनल आंसर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लोड की गई। उत्तर कुंजी पर परीक्षार्थियों ने जो आपत्तियाँ दर्ज कराईं, उन पर विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ समिति ने मूल्यांकन उपरांत संशोधित उत्तर कुंजी बनाई। इसके बाद 21 जून को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। बताया गया है अब विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक विषय का साक्षात्कार लिया जाएगा। जिसमें अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पहचान-पत्र, एवं प्रारंभिक शोध प्रविधान प्रस्तुत करना होगा।

## 2 दिनों से रुक-रुककर बारिश जारी, जिले में अब तक बरसा 242 मिमी पानी

# बारिश से मौसम खुशगवार, बूंदों ने दी गर्मी से राहत, मगर जल भराव से बढ़ी परेशानी





**छतरपुर, देशबन्धु।** पूरे अंचल में मानसून की सक्रियता से पिछले दो दिनों से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बूंदों ने लोगों को गर्मी से राहत दे दी है वहीं मौसम खुशगवार हो गया है। जिले में अब तक 242 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

रविवार को सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल रही है।

बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। हालांकि बारिश के कारण कई जगह लोगों को जल भराव और कच्चे रास्तों पर कीचड़ जमा होने से स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह मौसम किसानों और आम लोगों के लिए राहतभरा है। नदियों में पानी का बहाव तेज हो गया है और सूखे पड़े तालाबों में भी पानी बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ऊपर से एक कम दबाव का क्षेत्र गुजर रहा है, पश्चिमी हिस्से में टर्फ लाइन भी सक्रिय होने से पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है।

मानसून सक्रिय रहने के कारण आगामी दिनों में भी बारिश की संभावना बनी रहेगी। अगले एक सप्ताह तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। दिन में रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है।

### जटाशंकर और खजुराहो में नजारा आकर्षक

बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से विख्यात जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जटाशंकर धाम में बारिश के कारण नजारा आकर्षक हो गया है। पहाड़ से पानी के झरने फूट पड़े हैं। जिससे धाम की सीढियों पर बहते पानी का नजारा देखने लायक हो गया है। वहीं विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजुराहो में भी बारिश से नजारा मनोरम हो गया है। तपन कम होते ही यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। वे रिमझिम फुहारों के बीच मंदिरों के अदभुत सौंदर्य को निहारने पहुंच रहे हैं। इनके साथ भीमकुंड, कूड़नताल, धुबेला में भी बारिश के कारण नजारा देखने लायक हो गया है।

### बडामलहरा में सबसे ज्यादा 48 मिमी बारिश

बारिश के इस सीजन में अब तक जिले में कुल 242 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। जबकि पिछले साल कुल 1068.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। बता दें कि जिले की औषत बारिश 1074.9 मिमी मानी जाती है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक सबसे ज्यादा बारिश बड़ामलहरा में 48 मिमी जबकि सबसे कम पानी बिजावर में 11.2 मिमी बरसा है। इसी तरह से गौरिहार में 45.2 मिमी, लवकुशनगर में 45 मिमी, राजनगर 44.6 मिमी, छतरपुर 18.2 मिमी, बक्सवाहा 15.2 मिमी, नौगांव 15 मिमी और बिजावर में 11.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है।

## महिला ने बरसाए पत्थर, फिर कपड़े उतारकर युवक को पीटा



**छतरपुर, देशबन्धु।** रविवार को दोपहर शहर की सिटी कोतवाली क्षेत्र में पुरानी गल्ला मंडी स्थित इलाहाबाद बैंक के पास जमीन के विवाद में दो पक्षों में पथराव और मारपीट हुई है। एक महिला ने पहले छत से पथराव किया, फिर सड़क पर अपने पूरे कपड़े उतारकर युवक की पिटाई कर दी।

स्थानीय निवासी सत्यम सोनी ने बताया उन्होंने चित्र ब्रजपुरिया से एक प्लॉट खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री उनकी मां के नाम है। जब वे मजदूरों के साथ वहां काम शुरु कराने पहुंचे तो वहां रहने वाली एक महिला, उसकी बेटी और बेटे ने छत से उन पर पथराव करना शुरु कर दिया। पत्थर लगने से सत्यम के पिता कन्हैयालाल घायल हो गए। विवाद के दौरान एक महिला ने हद कर दी, दरअसल उसने सड़क पर ही सबके सामने अपने कपड़े उतारकर नग्न अवस्था में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ लोग छतों से भी पत्थरबाजी करते और महिला कपड़े उतारकर युवक को पीटती नजर आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर आकर एक महिला और एक युवक को हिरासत में ले लिया। घटना में घायल दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

### *मामूली विवाद में ईंट, कुल्हाड़ी से हमले में वृद्ध घायल*



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *शनिवार की देर रात शहर के ओरछा रोड थाने के सौरा गांव में 60 वर्षीय वृद्ध ब्रजकिशोर दुबे पर दो लोगों ने ईंटों और कुल्हाड़ी से हमला करके घायल कर दिया गया है।*

*बताया गया है ब्रजकिशोर के बेटे तेज प्रताप का मोबाइल चोरी हो जाने पर उन्होंने चोरी हुए मोबाइल पर कॉल किया। ये कॉल मिलन कुशवाहा ने उठाया और उन्हें गांव के शिव मंदिर के पास बुलाया। मंदिर पहुंचते ही मिलन और छोटू कुशवाहा ने ब्रजकिशोर पर ईंट और कुल्हाड़ी से हमला करके घायल कर दिया। घायल हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, उनके सिर में 6 टांके लगे हैं। टीआई दीपक यादव ने बताया एक पक्ष ने रात में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है, इसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।*

## सुमेड़ी अपहरण कांड के इनामी मुख्य आरोपी सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

फॉलोअप

**छतरपुर, लवकुशनगर, देशबन्धु।** गत रोज लवकुशनगर थाना क्षेत्र के सुमेड़ी गांव में हुए सनसनीखेज अपहरण और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने इनामी मुख्य आरोपी संजय सिंह राजपूत सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपहृत महिला और उसके दोनों बच्चों को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है।

घटना के बाद एसपी अगम जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। बता दें कि शनिवार को सुमेड़ी गांव में संजय सिंह राजपूत ने अपने एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर हथियारों और लाठी-डंडों से हमला किया। आरोपियों ने गांव में घुसते ही फायरिंग शुरू कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। संजय और उसके साथियों ने हरिराम पाल को लाठी-डंडों और कट्टे के बट से बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद मिथलेश और उनके दो बच्चों को जबरन बोलेरो गाड़ी में बैठाकर ले गए। हालांकि गांव में ऐसी चर्चा भी है कि संजय राजपूत और महिला के बीच कथित प्रेम प्रसंग था और हरिराम द्वारा इसका विरोध के बाद यह घटना हुई। हालांकि, यह दावे अभी पुलिस जांच का विषय है। लवकुशनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को कल ही गिरफ्तार कर लिया था। रविवार को मामले के मुख्य आरोपी संजय राजपूत सहित तीन अन्य को भी पकड़ लिया है। लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि अभी तक प्रकरण के पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, और उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### *कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल करेगा जांच*

*राजनैतिक गलियारों में इस घटना की चर्चा तूल पकड़ रही है। घटना को संज्ञान में लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है, जिसमें सुरेंद्र चौधरी, नारायण प्रजापति, प्रदीप खटीक, और किरण अहिरवार शामिल हैं। यह टीम जल्द ही सुमेड़ी गांव पहुंचकर घटना की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी। जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि छतरपुर में दिनदहाड़े अपहरण और फायरिंग की घटना ने साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश में कानून का डर खत्म हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।*

## महिला ने पति को दूसरी लड़की के साथ पकड़ा, किया हंगामा



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की चेतगिरी कॉलोनी में एक पति-पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। दरसक महिला ने अपने पति को किसी अन्य लड़की के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों में झगड़ा इतना बढ़ा कि मोहल्ले वालों को पुलिस बुलानी पड़ी।

चेतगिरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाले इस दंपती के बीच विवाद तब शुरू हुआ, जब पत्नी ने पति को एक अन्य लड़की के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्साई पत्नी ने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया, जो करीब दो घंटे तक चला। इस दौरान एक लड़की के साथ मारपीट भी हुई, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। सब इंस्पेक्टर श्याम बेन ने बताया दोनों की शिकायत सुनी जा रही है, और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए पुलिस सक्रिय, कर रही संवाद

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सतत भ्रमण शुरू किया है। विशेष रूप से एकांत, जंगलों या दूरदराज क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने मंदिर समितियों, पुजारियों और प्रबंधन से संवाद कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर समितियों और पुजारियों के साथ बैठकें कीं, जिसमें आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए संपर्क नंबर साझा किए गए। स्थानीय थानों और बीट प्रभारियों के नंबर भी उपलब्ध कराए गए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

## वर्ल्डकप शूटिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी छतरपुर की बेटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बमीठा गांव की काजल बघेल, आने वाले दिनों में इटली में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्डकप शूटिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल की बेटी काजल ने अपनी मेहनत और लगन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई है। उल्लेखनीय है काजल बघेल ने छह साल पहले खेलो इंडिया के ट्रायल में चयन हासिल किया था, जिसके बाद वह भोपाल की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। वहां रहते हुए वह कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ निशानेबाजी का अभ्यास भी कर रही हैं। पिछले पांच वर्षों से काजल लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं और कई पदक अपने नाम कर चुकी हैं। हाल ही में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने उन्हें इटली में होने वाले वर्ल्डकप के लिए चुना। काजल की इस उपलब्धि ने बमीठा और छतरपुर जिले को गौरवान्वित किया है।

## बिजली की आँखमिचौली से ग्रामीण त्रस्त, फूटा गुस्सा



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लगातार कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। परेशान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है, यदि तीन दिन में सुधार न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

इन दिनों दिन-रात में 15 से 20 बार बिजली का आना-जाना आम हो गया है, जिससे गर्मी और उमस में बिना पंखे, कूलर या एसी के रहना असंभव हो रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही और जर्जर व्यवस्था के खिलाफ रविवार को आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण हरपालपुर बिजली वितरण केंद्र पहुंचे। कर्मचारियों ने ताला लगाया और भाग गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि तीन दिन में बिजली व्यवस्था ठीक न हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। उल्लेखनीय है सरसेड़, गलान, लहदरा, मडोरी, चपरन, काकुनपुरा, और कैथोकर जैसे गांवों में बिजली की स्थिति बद से बदतर है। झूलते तार, पुराने ट्रांसफॉर्मर और घटिया मरम्मत ने बिजली आपूर्ति को नाममात्र का बना दिया है। सरसेड़ गांव के भैया राजा, जितेंद्र सिंह सेंगर, भगवत नारायण यादव, विशाल सिंह, और राजेश पटेरिया सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि रातभर बिजली गायब रहती है, और फॉल्ट के नाम पर सरसेड़ फीडर को बंद कर दिया जाता है। पिछले छह महीनों में सरसेड़ में छह ट्रांसफॉर्मर खराब हो चुके हैं, और विभाग ने केवल आंदोलन के बाद ही कार्रवाई की है।

## फाइनेंस के कर्मचारी पर लाखों की धोखाधड़ी के आरोप

**बमीठा, देशबन्धु।** जिले के राजनगर कस्बे में श्रीराम फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी पर दर्जनों किसानों के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं। किसानों के आवेदन पर न्यायालय में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक श्रीराम फाइनेंस कंपनी की राजनगर शाखा में कार्यरत अभिषेक वाजपेयी पर हरगोविंद पटेल, कमलेश अहिरवार, रवि अहिरवार, प्रमोद पटेल, राकेश रैकवार, रामस्वरूप गोड़, राम मिलन पटेल, जगदीश पटेल, महेश पटेल, और जुनेद हासमी सहित कई किसानों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि वाजपेयी ने लोन स्वीकृति और अन्य वित्तीय सेवाओं के नाम पर किसानों से पैसे ऐंठे, लेकिन न तो लोन मिला और न ही पैसे वापस किए गए। इसके अलावा श्रीराम फाइनेंस के मैनेजर संदीप मिश्रा के खिलाफ भी शिकायतें हैं। किसानों ने वकील के माध्यम से न्यायालय में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया है और मांग की है कि थाने में मामला दर्ज होने पर कंपनी की ओर से उन्हें जल्द न्याय मिले।

## केंद्रीय विद्यालय खजुराहो में 5वीं कक्षा तक प्रवेश शुरु

**खजुराहो, देशबन्धु।** यूथ हॉस्टल में स्थित केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 5वीं तक 20 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। जो 10 जुलाई तक पूरी की जाएगी।

प्राचार्य राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया प्रवेश के लिए आयु सीमा तय की गई है। कक्षा 1 के लिए 6-8 वर्ष, कक्षा 2 में 7-9 वर्ष, कक्षा 3 में 8-10 वर्ष और कक्षा 4 व 5 में 9-11 वर्ष आयु सीमा तय की गई है। उन्होंने बताया रजिस्ट्रेशन फॉर्म सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। प्राचार्य ने बताया विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक कुल 200 सीटें हैं। प्रत्येक कक्षा में 40 सीटें निर्धारित की गई हैं।

## विकास से अछूती सनसिटी कॉलोनी को विकसित करने बनाई योजना

# रहवासियों बोले नपा संपत्ति कर तो वसूलती है, मगर नहीं कराती कालोनी का विकास





**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर की सनसिटी कालोनी में तमाम समस्याओं और अधूरे विकास को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें रहवासियों ने कहा नगर पालिका कालोनी के लोगों से संपत्तिकर तो वसूलती है मगर कालोनी के विकास पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

इस बैठक में विधायक ललिता यादव, भाजपा जिला महामंत्री एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू यादव, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू गुप्ता और वार्ड पार्षद सुशील शिवहरे सहित बडी संख्या में वार्डवासी प्रमुख रुप से मौजूद रहे। सनसिटी कालोनी प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल ने कहा सनसिटी कालोनी को विकास से उपेक्षित रखा गया है। नपा क्षेत्र में होने के बावजूद कालोनी को बगौता ग्राम पंचायत में जोड़ा गया है।

नपा कालोनी के घरों से संपत्तिकर तो वसूलती है, लेकिन यहां सुविधाएं नाकाफी हैं। उन्होंने कहा चौबे कालोनी से निकले नाले को सनसिटी कालोनी से जोड़ दिया है। ये नाला चोक होने पर उसके पाइप तोडक़र सफाई कराई गई। अब समस्या ये है कि यदि बारिश पूर्व नाला नहीं बना तो परेशानी बढ जाएगी। श्री अग्रवाल ने कालोनी को छतरपुर नपा में जोडने, स्ट्रीट लाइट लगवाने, कालोनी की पानी टंकी अमृत धारा से जोडने सहित कई सुविधाओं की मांग की। बैठक का संचालन लखनलाल चौरसिया ने किया। अंत में आभार पार्षद सुशील शिवहरे ने व्यक्त किया।

### विधायक ने दिलाया विकास का भरोसा

विधायक ललिता यादव ने सनसिटी कालोनी प्रबंधन एवं विकास समिति की समस्याओं को सुनकर कहा भाजपा सबको साथ लेकर चलती है। नपा में पार्षदों के काम दलगत नीति से ऊपर उठकर प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। शहर के किसी क्षेत्र को विकास से उपेक्षित नहीं रखा गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर पालिका की बैठक में पुरजोर तरीके से कालोनी की समस्याओं से रखकर दस दिन के अंदर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र चौरसिया ने मौके पर ही नपा के एई श्री धाकड़ से चर्चा करके समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया।

सागर, सोमवार 23 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक 'शानदार सफलता' बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह क़दम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी।

अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता की हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है।

विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा।

दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे है। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फ़ैसले से संघर्ष बढ़ने पर 'अराजकता का सिलसिला' शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही 'तनाव की स्थिति' में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फ़ोर्दो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाक़े में रेडिएशन बढ़ने की कोई ख़बर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है।

ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज़ पर ज़्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं कि अब ईरान अमेरिका से बातचीत को तैयार होगा। वैसे ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कोई नया युद्ध शुरू न करने पर गर्व किया था और इस बार चुनाव प्रचार में ट्रंप ने उन पूर्व राष्ट्रपतियों की आलोचना की, जिन्होंने अमेरिका को विदेशी युद्धों में झोंक दिया। बराक ओबामा के लिए उन्होंने कहा था कि बातचीत से मुद्दों को सुलझाने का कौशल उनमें नहीं है, इसलिए अमेरिका को युद्ध में झोंक दिया। अब ट्रंप क्या खुद के लिए ऐसा कह पाएंगे।

अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियारों के बड़े जखीरे के अलावा दुनिया के तमाम शक्तिशाली हथियार और सैन्य उपकरण हैं। अमेरिकी जनता के टैक्स का बड़ा हिस्सा सैन्य संसाधन पर खर्च होता है। यह सब अमेरिका इसलिए करता है ताकि दुनिया पर उसका दबदबा बना रह सके। जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन वे आर्थिक या सैन्य शक्ति संपन्न नहीं हैं, उन्हें अपने चंगुल में फंसा कर मुनाफा कमाना पूंजीवादी अमेरिका को बहुत अच्छे से आता है। अमेरिका की सत्ता की डोर सीधे-सीधे बड़े कारोबारियों, हथियारों के व्यापारियों के हाथ में है। इसलिए ट्रंप को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अपनी सेना के साथ, सेना के साजो सामान की भी तारीफ करनी पड़ी। यानी युद्ध का मामला विशुद्ध व्यापारिक है, यह जाहिर हो चुका है। मगर इस बार ईरान पर वार कर ट्रंप ने अपनी सत्ता दांव पर लगा दी है।

# ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे हैं

यह दुनिया ऐसे ही चलती है। ताकतवर की दुनिया। 12 हजार किलोमीटर दूर ईरान पर हमला करके अमेरिका कहता है अब शांति होगी। अगर दुनिया खामोश रही तो वह गजा के बाद ईरान में भी मौत की शांति पैदा कर देगा।

ईरान पर पहले इजराइल ने हमला किया। और जवाब देने को जुर्रत (दुस्साहस) मानते हुए फिर अमेरिका ने। इस धमकी के साथ कि तबाह कर देगा अगर समर्पण नहीं किया तो। संयुक्त राष्ट्र ने बड़े कड़े शब्दों में विरोध किया। अमेरिकी हमले की निंदा की। मगर वह तो गजा पर इजरायली हमले की भी की थी। हमले रोकना तो दूर वहां इजराइल ने भयंकर नरसंहार किया। 50 हजार से ज्यादा तो केवल बच्चों और महिलाओं को मारा है। कुल मरने वालों की तादाद 60 हजार से ऊपर है।

संयुक्त राष्ट्र के कहने से कुछ नहीं हो रहा। जिस विश्व शांति के लिए इसका गठन हुआ था सैकंड वर्ल्ड वार के बाद वह अर्थहीन हो गया। अमेरिका और इजराइल ने दुनिया को फिर एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। भारत पहले ऐसे में उपयोगी भूमिका निभाता था। मगर बेवजह खुद को विश्व गुरू, विश्व गुरू कहकर हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत छवि कितनी उभारी पता नहीं मगर देश की छवि वह 2014 से पहले सम्मान वाली नहीं रहने दी।

अब सबकी नजर चीन और रूस पर है। यह दोनों महाशक्तियां चाहें तो अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हो रहे हमलों को रुकवा सकते हैं। मगर आप अगर पिछले दो सालों को देखें तो इन दोनों ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है। मूल मुद्दा गजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया।

असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया। आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया। सबसे बड़ा सवाल यह आ गया कि अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद दुनिया किसी बड़े खतरे की तरफ न बढ़ जाए।

अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है।



शकील अख्तर

> **अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है। ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा।**

ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा। इसके पीछे इतना समर्थन इसीलिए है। इजराइल को पहली बार अपने घर में हमलों का स्वाद चखना पड़ा। वह कह रहा कि उसके नागरिकों पर हमले हुए, अस्पताल पर हुए। लेकिन वह यह भूल गया कि उसने गजा में कितने अस्पतालों पर बम गिराए। मासूम बच्चों तक की हत्या की। लेकिन उस समय उसे युद्ध के नियम याद नहीं आए। आज कह रहा है कि अन्तरराष्ट्रीय समुदाय को देखना चाहिए कि हमारे नागरिक क्षेत्रों पर कैसे हमले हो रहे हैं।

युद्ध में सेना सेना से लड़ती है। नगरिकों से नहीं। हमारी सेना ने जब पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का जवाब दिया तो उसने केवल वहां के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य ठिकानों को भी नहीं, नागरिक क्षेत्रों का तो सवाल ही नहीं उठता। मगर पाकिस्तान ने जवाब में पुंछ में हमारे नागरिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थानों पर भी हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वहां जाकर गुरुद्वारों, मंदिर, मदरसों में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी को खुद आंखों से जाकर देखा। गोलाबारी से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री मोदी को भी जाना चाहिए था। वे नहीं गए।

तो हमला नागरिकों पर नहीं होता है। मगर इजराइल ने पहले गजा में फिर ईरान में किया। इजरायल, पाकिस्तान दोनों का अपराध एक जैसा है। मौसेरे भाई। और अमेरिका इन दोनों का सरपरस्त। इन दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। और दोनों ही भरोसेमंद नहीं। मगर इनसे कभी कुछ नहीं कहता। लेकिन ईरान से कहता है कि तुम परमाणु हथियार बना रहे हो इसलिए तुम पर हमला किया। दोहरे मापदंड। हर लड़ाई उसने ऐसे ही लड़ी है। कोरिया में, वियतनाम में, इराक में अफगानिस्तान में। लंबी लिस्ट है और ज्यादातर में उसने मुंह की खाई है। इस बार ईरान में भी उसके लिए स्थिति साजगार नहीं हैं।

अमेरिका ने सोचा था इजराइल के हमले से ही डर कर ईरान हथियार डाल देगा। मगर उसने इजराइल को कड़ा जवाब दिया। और अमेरिका के हमले के बाद इजराइल पर और मिसाइलें मार रहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमेरिका के मुकाबले ईरान के पास हथियार और दूसरे साजो सामान नहीं है। मगर हौसले से उसने जो लड़ाई लड़ी उसकी वजह से उसे भारी नैतिक समर्थन मिल रहा है।

हालांकि यह सच्चाई है कि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं आसमान में हो रही है और वहां आधुनिक तकनीक और विज्ञान ही सब कुछ है। अभी भारत-पाक संघर्ष से पहले किसने सोचा था कि लड़ाइयां ऐसी होंगी। पैदल सेना कहीं होगी ही नहीं। मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार इसी में देखा गया। रूस और युक्रेन के युद्ध में भी यही हो रहा था। अब इजराइल ईरान और फिर अमेरिका ईरान युद्ध ने बता दिया कि भविष्य के युद्ध इंसान की शारीरिक शक्ति से नहीं दिमागी शक्ति से ही लड़े जाएंगे।

दूसरी एक बात यह भी साफ हो गई कि कागजी संगठन वास्तविक समस्या में कोई मदद नहीं करते। 57 इस्लामिक देशों का संगठन है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईएस)। जो घोषित तौर पर कहता है मुस्लिम देशों की आवाज। मगर न वह गजा पर इजराइल के अमानवीय अत्याचारों पर कुछ कर पाया और न ईरान पर इजराइल और फिर अमेरिका के हमले के बाद।

याद सब रूस और चीन को कर रहे हैं कि उनका रिएक्शन क्या होता है? वह किस तरह अमेरिका की दादागिरी के खिलाफ खड़े होते हैं। इस्लामिक देशो में तो पाकिस्तान ने अपने एयरबेस अमेरिका को ईरान पर हमला करने के लिए दे दिए। सउदी अरब न गजा के मामले में कुछ बोला न इजराइल के ईरान के हमले पर। बाकी भी सभी बड़े देश या तो तटस्थ हैं या अमेरिका के साथ। और अमेरिका के साथ क्या, इजराइल के ईरान पर हमले को दस दिन से ज्यादा हो गए मगर किसी मुस्लिम देश ने खुल कर ईरान का साथ नहीं दिया। उल्टे इजराइल जो मिसाइलें ईरान पर गिरा रहा है वह ईराक, सीरिया, जार्डन लेबनान की वायुसीमा से होती हुई जाती हैं। इन्होंने अपना वायुमार्ग इजराइल के लिए बंद नहीं किया।

तो ईरान का मामला अब किस दिशा में जाता है देखना होगा। रुस और चीन बड़े देश हैं। उनका कोई भी रुख हो उनके अस्तित्व पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। मगर इस्लामिक देशों के लिए एक बड़ा सबक है। देखना है वे इसे कैसे समझते हैं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?

**■ अरुण कूमार डनायक**

फिलिस्तीन का मुद्दा धर्म, भूमि और पहचान से जुड़ा सौ साल पुराना मुद्दा है। इज़राइल-ईरान तनाव के साथ यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है, जिसके अमेरिका, रूस और चीन जैसी शक्तियों की भागीदारी से महायुद्ध में बदलने की आशंका है। यह संकट वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देता है। इसका समाधान युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और गांधीवादी अहिंसा में निहित है।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गांधीजी के हर्मन कैलनबैक, हेनरी पोलक और जोसेफ रॉयड्स जैसे अनेक यहूदियों से मैत्रीपूर्ण संबंध बने थे। गांधीजी ने 'हरिजन' में 26 नवंबर 1938 को यहूदियों की समस्या पर लिखते हुए स्पष्ट किया था कि वे यहूदियों के साथ हो रहे अन्याय को गहराई से समझते हैं। उन्होंने कहा था, 'यहूदियों को अपने अधिकार के लिए हिटलर के खिलाफ संघर्ष अवश्य करना चाहिए, लेकिन अहिंसा के रास्ते पर चलकर।'

गांधीजी चाहते थे कि यहूदियों के साथ उसी भूमि पर न्यायसंगत व्यवहार हो, जहां वे जन्मे, पले और विकसित हुए हैं। गांधीजी मानते थे कि यहूदियों का फिलिस्तीन पर दावा नैतिक रूप से उचित नहीं, क्योंकि वह भूमि अरबों की है। यहूदियों की वापसी ऐतिहासिक गलतियों के आधार पर न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाइबल या धर्मशास्त्रों के आधार पर किसी भूमि पर दावा करना आधुनिक राजनीति में उचित नहीं है।

> **गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।**

यह वक्तव्य गांधीजी की उस मूल सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें वे धर्म या इतिहास के आधार पर भूमि के स्वामित्व को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने अरबों के अधिकार को प्राथमिकता दी और यहूदियों से आग्रह किया कि वे अरबों के साथ अहिंसा और सहयोग के आधार पर सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाएं।

गांधीजी ने इज़राइल के गठन से पहले फिलिस्तीन में चल रहे यहूदी आतंकवाद की निंदा की थी, इसे नैतिक पतन बताया। उन्होंने कहा था कि हिंसा से प्रतिशोध न्याय नहीं होता और आतंकवाद किसी धर्म या उद्देश्य को पवित्र नहीं करता। वे मानते थे कि यहूदियों को केवल उसी पर संतोष करना चाहिए जिसे वे अपने ईश्वर यहोवा से विरासत में प्राप्त मानते हैं। उन्हें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न तो ब्रिटिश सत्ता पर निर्भर रहना चाहिए, न ही अमेरिकी समर्थन की आस रखनी चाहिए।

गांधीजी के अनुसार, न्याय का मार्ग आत्मनिर्भरता, नैतिक बल और आपसी सौहार्द के आधार पर ही टिकाऊ हो सकता है। गांधीजी ने अरबों को यह संदेश दिया था कि वे धैर्य, संयम और अहिंसा का मार्ग न छोड़ें। उन्होंने अरबों से आग्रह किया था कि यहूदियों से उनका विरोध अस्मिता के आधार पर हो, घृणा के आधार पर नहीं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण था, जिसमें संघर्ष का समाधान नैतिक आधार पर खोजा गया।

गांधीजी ने ईरान को भारत का आत्मीय व सांस्कृतिक मित्र माना था और दोनों देशों के संबंधों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आधार पर परिभाषित किया था। 'जेंद-अवेस्ता' (पारसी धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पारसी धर्म के संस्थापक पैगंबर जरथुस्त्र की शिक्षाओं और सिद्धांतों का संग्रह है) जैसे ग्रंथों में निहित समन्वय को वे सम्मान का प्रतीक मानते थे। जनवरी 1948 की एक प्रार्थना सभा में व्यक्त ये विचार प्रेम और भाईचारे को सच्चे धार्मिक मूल्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। गांधीजी का दृष्टिकोण भारत-ईरान संबंधों को शांति और सहयोग के आधार पर मजबूत करने की प्रेरणा देता है। वे पश्चिम एशिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण मानते थे और इसे एशियाई एकता के प्रतीक के रूप में देखते थे।

वर्ष 2024 में इज़राइल के लेबनान और गाजा में हवाई हमले और ईरान के प्रॉक्सी संगठनों (जैसे हिजबुल्लाह) के जवाबी हमलों ने तनाव बढ़ाया है। साइबर युद्ध और सामरिक धमकियां क्षेत्र को अस्थिर कर रही हैं। इज़राइल का यहूदी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के नाम पर सैन्य कार्रवाइयां और ईरान की धार्मिक कट्टरता व प्रॉक्सी युद्ध गांधीजी की संवाद, सह-अस्तित्व और सत्याग्रह की नैतिक दृष्टि के विपरीत हैं। इस संघर्ष में मानवीयता को सबसे अधिक क्षति पहुंच रही है।

गांधीजी की सोच के आलोक में इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान संघर्ष का दीर्घकालिक समाधान इन सिद्धांतों में निहित है—साझा सह-अस्तित्व की भावना, जहां यहूदी, अरब और फारसी समुदाय साझा इतिहास व संस्कृति को अपनाएं; युद्धोन्माद के बजाय अहिंसक संवाद और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को प्राथमिकता दी जाए; तथा धर्म और राष्ट्रवाद से ऊपर उठकर मानवीय सहिष्णुता और करुणा को पुर्नस्थापित किया जाए।

भारत, जो बुद्ध और गांधी की धरती है और आज एक उदीयमान वैश्विक शक्ति है, उसकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह इज़राइल-फिलिस्तीन और इज़राइल-ईरान जैसे संघर्षों में शांतिपूर्ण समाधान का मार्ग प्रशस्त करे। इन जटिल मुद्दों को केवल सामरिक या धार्मिक चश्मे से देखना एक सीमित दृष्टिकोण है। भारत को चाहिए कि वह मध्यपूर्व के देशों के बीच संवाद, न्याय और अहिंसा का सेतु बने।

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या और लोकतंत्र के रूप में ख्यात भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह 'संयुक्त राष्ट्र संघ,' 'ब्रिक्स,' 'जी-7' व 'जी-20,' 'शंघाई सहयोग संगठन' जैसे मंचों पर हथियारों की होड़ और सैन्य आक्रामकता का स्पष्ट विरोध करे। हाल के वर्षों में भारत की कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मतदान से अनुपस्थिति उसकी नैतिक और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं कही जा सकती।

भारत को तटस्थता से ऊपर उठकर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, संवाद और न्याय के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत को चाहिए कि वह केवल रणनीतिक संतुलन बनाए रखने तक सीमित न रहे, बल्कि संवाद, न्याय और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पक्ष में स्पष्ट व सक्रिय भूमिका निभाए—ताकि वह केवल एक क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिक नेतृत्व का प्रतीक बन सके।

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध गांधीजी के विचारों से प्रेरित रहे हैं। ऐसे में भारत का कर्तव्य है कि वह ईरान को अलग-थलग करने के प्रयासों में भागीदार बनने के बजाय उसे संवाद और सहयोग की प्रक्रिया में सहभागी बनाए। महात्मा गांधी हमें एक व्यापक नैतिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें सत्य, अहिंसा, समता और सह-अस्तित्व जैसे मूल्यों के आधार पर समाधान की तलाश की जाती है। आज का विश्व यदि गांधीजी के उस नैतिक चश्मे से इन समस्याओं को देख सके, तो न केवल फिलिस्तीन बल्कि पूरा पश्चिम एशिया एक बार फिर शांति, सहयोग और मानवता की राह पर लौट सकता है।

**( लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं। )**

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका का दखल ईरान के फोर्दो, नातंज और इस्फ़हान में हमला

ईरान-इजरायल और अमेरिका के ट्रायंगल ने नया मोड़ ले लिया है। इजरायल-ईरान युद्ध के तनाव को अमेरिका की एंट्री ने और बढ़ा दिया है। इजरायल ईरान के भीषण युद्ध में जहां इसराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान सहित ईरान के सत्ता प्रमुख अयातुल्लाह खेमनेई को खत्म करने की ठान ली है। वहीं ईरान ने जवाबी हमले में तेल अबीब के गैस और तेल के ठिकानों सहित स्टॉक एक्सचेंज, अस्पताल सहित अनेक नागरिक केंद्रों को बर्बाद कर दिया है। ईरान की टारगेटेड मिसाइल को इजरायल रोक पाने में असफल रहा है। वैसे अब इजरायल के पास ईरान को रोकने के लिए उतने अस्त्र-शस्त्र शेष नहीं बचे क्योंकि विगत एक साल से ज्यादा उसकी लड़ाई हमास, हिजबुल और हूती विद्रोहियों के साथ गजा पट्टी तथा फिलिस्तीन पर चल रही है। अब इजरायल में वह दम-खम नहीं रहा जिसके लिए वह जाना जाता है। जबकि ईरान के पास अभी सैकड़ों मिसाइल्स का भंडार बचा हुआ है जिसके दम पर वह इजरायल के शहरों में ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इजरायल ने इन परिस्थितियों में अमेरिका से ईरान पर हमले की गुजारिश भी की थी, और अमेरिका ने बीती रात अपने सबसे खतरनाक एयर स्ट्राइकर से ईरानी परमाणु ईंधन केंद्रों जिनमें प्रमुख फोर्दो, नतांज और इस्फ़हान हैं जिनके गहरे बंकरों में वह परमाणु ईंधन छुपा कर रखता है पर हमला कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार इनमें एक फोर्दो सबसे बड़ा परमाणु ईंधन भंडारण जो पूरी तरह तबाह हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले की पुष्टि भी कर दी है उन्होंने अपने मीडिया हैंडल में लिखा है कि हमने इन तीन परमाणु भंडारण केंद्र में हमले कर उसे तबाह करने की कोशिश की है और हमारे दोनों फाइटर प्लेन सुरक्षित वापस अमेरिका आ चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि हमले हो सकते हैं इजरायल के प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति का रास्ता हमले से होकर जाता है। हीरा की सट्टा प्रमुख ने इसके जवाब में कहा है कि हमले रुकेंगे नहीं और अब शांति प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट में इजरायल के अलावा किसी के पास परमाणु बम नहीं है। वैसे तो घोषित तौर पर इजरायल के पास भी परमाणु बम नहीं है पर रक्षा विशेषज्ञ बताते हैं कि इजरायल ने परमाणु बम बना लिया है एवं वह इस दुनिया के सामने इसकी घोषणा नहीं करता है। इन परिस्थितियों में ईरान अमेरिका तथा इजरायल के सामने अलग-थलग पड़ गया है। इसका एक बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में शिया तथा सुन्नी समुदाय का आंतरिक विरोध भी है।

इन परिस्थितियों के परिणामस्वरुप यदि ईरान इजरायल पर हमले जारी रखता है तो इजरायल, अमेरिका, यूरोपीय देश और नाटो संगठन ईरान के विरुद्ध हमले करने से पीछे नहीं हटेगें जो किसी भी विश्व युद्ध से कम नहीं होगा। इजराइल ईरान और अमेरिका के युद्ध में मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण भारत के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी होगी। भारत के संबंध ईरान से बहुत पुराने हैं और वह ईरान से क्रूड ऑयल भी आयात करता है दूसरी तरफ भारत के इजरायल से बड़े अच्छे मैत्रीपूर्ण संबंध रहे है अब भारत को किसी एक देश को समर्थन देना राजनीतिक तौर पर बहुत कठिन एवं असमंजस वाला होगा। दोनों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो मिडिल ईस्ट में बड़ी संख्या में रहने वाले भारतीय प्रवासियों तथा ईरान से आने वाले क्रूड ऑयल के मार्ग पर भी बाधा उत्पन्न हो सकती है जिससे पेट्रोल-डीजल भारत में महंगे होकर इस महंगाई और बढ़ सकती है। इसका असर देश की आवश्यक वस्तुओं पर भी पड़ सकते हैं। इसलिए बेहतर यह होगा कि भारत इजरायल-ईरान युद्ध विराम के प्रयासों को बढ़-चढकर समर्थन प्रदान करे।

**-संजीव ठाकुर**



# ललित सुरजन की कलम से

## कविता:अमेरिका को फिर अमेरिका बनने दो

*- लैंगस्टन ह्यूज़*
*(1902-1967)*
*विख्यात अफ्रीकी-अमेरिकी कवि*

*ओह! अमेरिका को फिर बनने दो*
*अमेरिका*
*वह धरती जो अभी तक*
*बन नहीं पाई है,*
*लेकिन जिसे बनना ही चाहिए- वह धरती*
*जहाँ हर मनुष्य हो स्वाधीन*
*वह धरती जो मेरी हो*
*गरीब की, आदिवासी की, नीग्रो की*
*हाँ, वह धरती हो मेरी,*
*मैं, जिसने बनाया अमेरिका,*
*बनाया अमेरिका*
*जिसके स्वेद और लहू ने,*
*जिसके विश्वास और पीड़ा ने,*
*मशीन पर चले जिसके हाथ,*
*बरसात में चला जिसका हल,*
*वही लौटा कर लाएगा हमारा सुनहरा स्वप्न।*
*मुझे परवाह नहीं, तुम मुझे गालियाँ दो,*
*किसी भी भाषा में पुकारो,*
*स्वाधीनता की इस्पाती चादर पर*
*दाग नहीं पड़ेंगे,*
*हमारी ज़िंदगी को चूस लिया*
*जिन्होंने जोंक बन कर,*
*उनसे वापिस लेना ही है*
*हमें हमारी धरती*
*अमेरिका!*
*हाँ, सचमुच*
*मैं साफ-साफ कहता हूँ,*
*अमेरिका मेरे लिए कभी*
*अमेरिका नहीं था,*
*लेकिन मैं शपथ लेता हूँ*
*अमेरिका होगा।*
*खूनी गिरोहों के विध्वंस और*
*मौत के नाच के बावजूद,*
*बलात्कार, झूठ, कदाचार,*
*षड़यंत्र और रिश्वत की सड़न के बाद भी,*
*हम, जो जन हैं, लौटा कर लाएंगे*
*धरती, खदान, वृक्ष, नदियाँ,*
*पहाड़ और अंतहीन मैदान और*
*हरियाली के सारे दृश्य*
*हाँ, वे सारे दृश्य*
*और अमेरिका को फिर बनाएंगे।*

***रूपांतर-***
***ललित सुरजन***

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/11/blog-post.html

# गुरुवाणी विचार

## बिलावल महला 9

हरि के नाम बिना दुख पावै
भक्ति बिना सहसा नहीं चूके
गुरु के ऐह भेद बतावै (रहाओ
कहा भोग तीरथ बरत कीये, राग सरण नहां आवे
जोग जग निहफल तहि मानयो डो प्रभु जस विसरावै
मान मोह दोनो कौ परहरि, गोविंद के गुण गावै
कहो नानक ऐह विध को प्राणी, जीवन मुक्त कहावै।

इस शब्द द्वारा नौवें नानक गुरु तेगबहादुर जी फरमा रहे हैं कि हमें हरि के नाम सिमरन बिना कभी सुख प्राप्त नहीं हो सकता। हमेशा दुखों की प्राप्ति होती रहेगी। हम चाहे कितने भी कर्मकांड करते रहें, तीर्थों में जाकर स्नान करते रहें सब व्यर्थ है अगर हमने परमात्म चिंतन नहीं किया। साध संगत मैं जाकर कथा कीर्तन श्रवण नहीं किया और उस पर अमल नहीं किया।

गुरवाणी में कहा गया है कि तुम्बी (सूखी लौकी) को पूरे तीर्थों में स्नान करा कर लाया जाए तो भी उसका कड़ुआपन खत्म नहीं होता। यथा-

लौकी अठसठ तीरथ नावै, कौड़ापन तौन जावै। एवं
हिरदे कपट मुख गियानी,
झूठे कहा बिलौवस पानी।

फिर गुरुदेव फरमा रहे हैं कि बिना हरि भजन के हमारी शंकाओं का समाधान नहीं हो सकता। यह गूढ़ रहस्य की बात है इसलिए हरि परमात्मा का सिमरन करते रहना चाहिए। अगर हम मन की बातों में ही चलते रहे तो फिर हमारा इस संसार समुद्र से पार उतरना असंभव है क्योंकि मन तो हर वक्त पांच बटमारों (काम, क्रोध,लोभ, मोह, अहंकार) के अधीन रहता है और यह बटमार उसे प्रभु सिमरन से हमेशा दूर करने में ही लगे रहते हैं और सांसारिक सुख-सुविधाओं में विषय विकारों में ही उसे लगाये रखते हैं। अतएव हमें मन के उलट काम करना पड़ेगा क्योंकि मन कभी नहीं चाहेगा कि अमृतवेले उठ कर स्नान धियान कर प्रभु सिमरन करूं। साध संगत में जाकर कीर्तन, कथा श्रवण करूं परन्तु हमें ये सब करना पड़ेगा क्योंकि बिन हरि भजन नहीं छुटकारा। हमें ऐसे भले लोगों की संगत करनी है जो फूल की तरह कांटों के बीच भी खिलकर भी प्रसन्न रहता है और मीठी सुगंधी प्रदान करता रहता है और टूटने के बाद भी श्रीहरि के चरणों में या किसी के गले का हार बन जाता है। हमें ज्ञानी लोगों की संगत करनी चाहिए जो अधिक पाकर भी कभी गर्व नहीं करते।

हमें हर वक्त यथा शक्ति दूसरों की भलाई ही करनी चाहिए। तीर्थों में स्नान करने, व्रत रखने से कुछ होने वाला नहीं है अगर हमने प्रभु चिंतन में मन नहीं लगाया तो हमारा तीरथ व्रत करना सब व्यर्थ है। गुरवाणी में कहा गया है कि अगर तीर्थ स्नान करने से मन का मैल उतर सकता तो पानी में रहने वाले मेंढक, मछली अन्य जीव जन्तुओं की मुक्ति हो जाती।

तीरथ नहाये न उतरस मैल,
करम धरम सब हऊमें फैल।

इसी प्रकार व्रत करते रहें, तपस्या में जुड़े रहें परन्तु मन सांसारिक चिंताओं में ही डूबा रहे तो भी हमें परमात्मा मिलने वाला नहीं है-

कहां भयो जो दोऊ लोचन मूंद के।
बैठ रहियो बक धियान लगाओ।।

इसलिए हर वक्त प्रभु कीरत का बखान करते रहो। हाथों से अपना सांसारिक काम करते रहो क्योंकि उदर पोषण के लिए भी जरूरी है परन्तु मन को प्रभु चरणों में हर वक्त लगाये रहो। झूठे सांसारिक मोहपाश में मत बंधे रहो।

**-इंदर सिंह आहुजा**

### उज्जैन जिले के डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केन्द्रित कार्यशाला हुई

# डोंगला की प्रतिष्ठा के साथ आधुनिकीकरण पर दिया जाएगा विशेष ध्यान: डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन जिले के काल गणना केंद्र डोंगला का देश में एक विशिष्ट स्थान है। डोंगला को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने के साथ ही यहां स्थापित वेधशाला के समय-समय पर आधुनिकीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को डोंगला में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा'' पर केन्द्रित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ डोंगला भी काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। डोंगला के विकास और आधुनिकीकरण के लिए समय-समय पर कार्य किया जाएगा। डोंगला की महत्ता सर्वविदित है। राज्य सरकार वैज्ञानिक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक शोध के लिए कटिबद्ध है। प्राचीन भारतीय ज्ञान पर और अधिक रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डोंगला में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्राचीन ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन भारतीय ज्ञान का समन्वय करते हुए आज के युग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन द्वारा कार्य किया जाएगा।

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि डोंगला भारतीय काल गणना का महत्वपूर्ण केंद्र है। भारतीय काल गणना में सूक्ष्म गणना को महत्व दिया गया है। वैज्ञानिक डॉ. श्रीनिवासन ने राज्य शासन द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डॉ. अरविंद रानाडेने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सराहनीय कदम उठाए गए हैं। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश में एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स तथा स्पेस टेक्नोलॉजी के सामंजस्य पर कार्य किया जा रहा है। उज्जैन तथा डोंगला काल गणना का केंद्र है। कार्यशाला कोमहाप्रबंधक आरआरएससी सेंट्रल इसरो भारत सरकार डॉ. जी. श्रीनिवासन तथा प्रोफेसर मूर्ति ने भी संबोधित किया ।

### एमओयू हुआ साइन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान परंपरा डिवीजन नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मध्य एमओयू साइन किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमाणीकरण दस्तावेजीकरण तथा मानकीकरण का कार्य किया जाएगा । इसके अलावा आगामी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ड्रोन एवं रोबोटिक्स हैकाथॉन पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही आगामी जनवरी में भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा एमपीसीएसटी द्वारा आयोजित की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

## मुख्यमंत्री बने शिक्षक, शून्य होती परछाई को देखा



दोपहर 12:28 बजे डोंगला वेधशाला पर छांव हुई विलुप्त

**उज्जैन, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली अद्भुत खगोलीय घटना डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शंकु यंत्र पर परछाई परिचालन व्यवस्था में शून्य होती परछाई को देखा और उपस्थित सभी को सूर्य परिचालन से समय परिवर्तन और काल गणना को भी समझाया। उन्होंने शिक्षक के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार खगोलीय विज्ञान की जानकारी सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को समझाई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, जनप्रतिनिधि राजेश धाकड़, बहादुर सिंह चौहान, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, शिवकुमार शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम आयोजित

## भारत ने दुनिया को योग दिया : शिवप्रकाश



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया, लेकिन भारत ने दुनिया को भगवान बुद्ध और योग दिया, जो मानव कल्याण के मार्ग को प्रशस्त कर रहे हैं। योग का मतलब ही जोड़ना होता है। योग मन को जोड़ने का कार्य करता है। एकाग्रता से कार्य करने से ही सफलता मिलती है। एकाग्रता योग से ही प्राप्त की जा सकती है। शिवप्रकाश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित योग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को कुशलता पूर्वक संपन्न कर परमात्मा को समर्पित करना ही योग है। योग ब्रह्मांड को समान भाव से देखने की दृष्टि देता है, जो संघर्ष, शोषण, युद्ध से निकलकर सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई और आज संपूर्ण विश्व योग की तरफ बढ़ रहा है। विश्व के सभी समस्याओं को योग के माध्यम से हल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आज जमीन, पानी और आकाश पर एक साथ योग किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, सत्येन्द्र भूषण सिंह, एसएस उप्पल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया और आभार प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने माना।

### धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है, योग : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग, धर्म, जाति और रंग की सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के मूल दर्शन, जीवन शैली और हजारों वर्षों पुरानी हमारी योग परंपरा से पूरी दुनिया को परिचित कराने का गौरवशाली दिवस है। योग के माध्यम से निरोग के साथ-साथ हमारा मन शांत होता है, शांति से संतोष प्राप्त होता है और संतोष से हम अहिंसा की ओर बढ़ते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। साथ ही इस बात का समर्थन किया कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने पूरी दुनिया में समग्र स्वास्थ्य क्रांति के नए युग का सूत्रपात किया। हम 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। यह एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, विषय को समर्पित है।

### दुनिया ने योग को आत्मसात किया : शर्मा

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज विश्व के 180 से अधिक देशों ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब उन्होंने दुनिया के देशों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाने की सलाह दी थी और दुनिया के देशों ने हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक योग को आत्मसात किया। वर्तमान कालखण्ड में भारत के गौरव की यश-पताका को निरन्तर विश्व में लहराने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस भारतीय ज्ञान-मनीषा को समूची दुनिया में लोकप्रिय एवं नवीन पहचान दिलाने का कार्य किया है। आज पूरा विश्व योग के साथ ही भारत के वैभव और निरन्तर प्रगति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहा है। मोदी जी के प्रयासों से ही आज विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है।

## गोलखेड़ी आंगनबाड़ी में मिलीं कई कमियां



### गर्भवती की नहीं हुई जरूरी जांच एएनएम को निमोनिया के लक्षण नहीं पता

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के तहत ग्राम गोलखेड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और पोषण कार्यक्रम के संचालन में कई गंभीर कमियां पाई गईं। इसके अलावा स्टाफ द्वारा गंभीर लापरवाही के मामले भी उजागर हुए। इस पर एनएम, सीएचओ, सुपरवाइजर और आरबीएसके टीम के सदस्यों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि, उचित जबाव नहीं मिलता है तो इन पर कार्रवाई करने की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा को निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिली। इनमे ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस कार्यक्रम स्थल पर एक 7 माह की गर्भवती महिला उपस्थित थी, जिसकी अब तक केवल 2 प्रसव पूर्व जांचें की गई थीं। हिमोग्लोबिन, वजन और रक्तचाप के अलावा कोई अन्य जरूरी जांच नहीं हुई थी। यही नहीं एमसीपी कार्ड में एक भी जानकारी नहीं दर्ज की गई थी। कार्यक्रम स्थल पर फीटल डॉप्लर, एचबीसीजी किट और पल्स ऑक्सीमीटर भी नहीं था। इतना ही नहीं स्वास्थ्य यकृत मिशन के तहत मौजूद लोगों की जांच तक नहीं की जा रही थी।कार्यक्रम स्थल से सीएचओ खुशबू यादव गैरमौजूद पाई गईं, जबकि एएनएम सुनीता कोरी निर्धारित यूनिफॉर्म में नहीं थीं और उन्हें निमोनिया जांच के लिए उक्त बीमारी के लक्षणों की जानकारी भी नहीं थी। वही आरबीएसके टीम के सदस्य डॉ. पवित्रा दांगी और डॉ. इमरान खान बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए उपस्थित तो हुए, लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने से पहले ही स्थल से जा चुके थे। इसके बाबजूद सुपरवाइजर शैलेंद्र शर्मा द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण नहीं किया था। लिहाजा इन सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

### दोस्त की प्रेमिका से ब्लैकमेलिंग कर 3 साल तक किया दुष्कर्म

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में एक कॉलेज छात्रा के साथ तीन साल तक ब्लैकमेलिंग कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि आरोपी पीड़िता के पूर्व प्रेमी का दोस्त है। उसने छात्रा की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उन्हें प्रसारित करने की धमकी देकर इस वारदात को अन्जाम दिया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय पीड़िता मूलत इटारसी की रहने वाली है। वह वर्ष 2021 में भोपाल के एक निजी कालेज में पढ़ाई कर रही थी और अशोका गार्डन इलाके में रहती थी। इटारसी के ही एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग था। वह प्रेमी के माध्यम से भिंड जिले का रहने वाले उसके दोस्त कुलदीप भदौरिया से मिली थी। कुलदीप अक्सर अपने दोस्त से मिलने भोपाल आता था। वर्ष 2021 में छात्रा के प्रेमी की करंट लगने से मौत हो गई थी, जिसके बाद कुलदीप छात्रा को सांत्वना देने के बहाने से उसके करीब आया और फिर उसकी तस्वीर से छेड़छाड़ कर प्रसारित करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने को मजबूर किया। आरोपी की धमकी से डरकर छात्रा ने उसकी शर्त मान ली तो वह छात्रा को बजरिया थाना क्षेत्र में भोपाल स्टेशन के पास के होटल में ले गया और यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार छात्रा से संबंध बनाता रहा। उसकी हरकतों से तंग होकर पीड़िता ने थाने में शिकायत कर दी।

# आधा दर्जन संभागो में भारी बारिश की संभावना



**भोपाल, देशबन्धु।** अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय चार मौसमी सिस्टमों के असर से प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार को ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, शहडोल और उज्जैन संभाग के जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। वहीँ शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, पन्ना जिलों में भी वर्षा होने की संभावना है,जबकि भोपाल, इंदौर संभाग के जिलों में छिटपुट बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी बिहार एवं उसके आसपास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात भी संबद्ध हो, जो दक्षिण की तरफ झुका हुआ है। यह उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। उत्तर-पूर्व राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। पाकिस्तान के मध्य से लेकर असम तक एक द्रोणिका बनी हुई है। जो उत्तरी मध्य प्रदेश से होकर जा रही है। बांग्लादेश से लेकर गुजरात तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जो मध्य प्रदेश से होकर जा रही है। के असर से प्रदेश के अधिकतर जिलों में वर्षा हो रही है। शनिवार को सुबह से शाम तक सीधी में 48, रतलाम में 33, सतना में 23, रीवा में 16, खजुराहो में 12, मंडला में पांच, दमोह में चार, उज्जैन एवं नौगांव में तीन-तीन, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, उमरिया एवं मलाजखंड में दो-दो, छिंदवाड़ा, धार, गुना एवं इंदौर में एक-एक मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के दौरान शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक गुना में 66.7, शिवपुरी में 45, टीकमगढ़ में 42, उमरिया में 26.7, धार में 26, सिवनी में 21.6, नरसिंहपुर में 21, सागर में 17, मलाजखंड में 14.6, मंडला में 14.5, पचमढ़ी में 14.2, बैतूल में 12.4, सीधी में 11.4, छिंदवाड़ा में 11.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अभी तीन-चार दिन तक प्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। शेष क्षेत्रों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होगी।-

# पानी के लिए कोकाता में 3 घंटे चला चक्काजाम



### लोग बोले -25 दिन से ज्यादा दिक्कत

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के बायपास स्थित कोकता इलाके में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। यह लोग 3 घंटे तक सड़क पर जमे रहे। इसके चलते यातायात बाधित हुआ। नगर निगम और पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माने और चक्काजाम खत्म किया।

प्रदर्शन में शामिल कीर्ति राजपूत ने बताया, यहां बनी इमारत में एमआईजी और एलआईजी के 12 ब्लॉक है। एक ब्लॉक में 36 फ्लैट्स हैं। पिछले कई दिन से पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। अन्य सुविधाएं भी नहीं दी जा रही। इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों से बात की गई, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ। इसलिए आज यह प्रदर्शन किया। वहीँ अन्य महिलाओं ने कहा कि यहां लगी निगम की टंकी से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आ रहा है। 25 दिन से पानी की समस्या है। पानी की समस्या के बारे में नगर निगम के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया जा चुका है। बावजूद समस्या दूर नहीं हुई। इसके अलावा निगम ने कोकता इमारत में फ्लैट देने के दौरान कई वादे किए थे। जिसमें सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो पूरी नहीं की गई हैं। सुरक्षा के उपाय भी नहीं हैं। यही कारण है कि आज पानी समेत अन्य सुविधाओं को लेकर सड़क पर उतरना पड़ा है।

### सर्पदंश से डेयरी संचालक की मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** सूखी सेवनिया इलाके में रहने वाले डेयरी संचालक की सर्पदंश के कारण मौत हो गई। बताया गया है कि उनको शुक्रवार रात को सांप ने काटा था। शनिवार तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सूखी सेवनिया पुलिस ने लक्ष्मण सिंह गुर्जर उम्र 47 वर्ष निवासी भदभदा सूखी सेवनिया गांव में ही दूध डेयरी का संचालन करते थे।


CHANGE OF NAME

I, ASHRUPI DEVI IS MOTHER OF ARMY NO - 18025555F RANK SPR NAME RAHUL SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS AT 12, MALYAKOT , TEHRI GARHWAL, MALYAKOT, UTTARAKHAND , 249155 HAVE CHANGED MY NAME FROM ASHRUPI DEVI TO ASHROOFI DEVI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 23/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I, ARMY NO - 4581512L RANK HAV NAME GADHE JAGADISH BHIMRAO SERVING IN 10 MAHAR HOME ADDRESS AT POST - VIVARE , VIVARE BK , DIST - JALGAON, STATE - MAHARASHTRA, PIN - 425508 HAVE CHANGED MY SON NAME FROM SANDESH TO GADHE SANDESH JAGADISH AND CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM AVANI TO GADHE AVANI JAGADISH IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 23/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I, DEEPA TIWARI IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO - 4376324W RANK HAV /CLK (SD) NAME SACHIN TIWARI SERVING IN ARTY RECORDS C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - SHRI KANT KA PURWA , PO - PANDWASI , DIST - PRATAPGARH, STATE - UTTAR PRADESH HAVE CHANGED MY NAME FROM DEEPA TIWARI TO DEEPA MISHRA IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 23/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I, SARASWATI IS MOTHER OF ARMY NO - 4376324W RANK HAV /CLK (SD) NAME SACHIN TIWARI SERVING IN ARTY RECORDS C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - SHRI KANT KA PURWA , PO - PANDWASI , DIST - PRATAPGARH, STATE - UTTAR PRADESH HAVE CHANGED MY NAME FROM SARASWATI TO SARASWATI TIWARI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 23/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

CHANGE OF NAME

I, GIRJA SHANKER TIWARI IS FATHER OF ARMY NO - 4376324W RANK HAV /CLK (SD) NAME SACHIN TIWARI SERVING IN ARTY RECORDS C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - SHRI KANT KA PURWA , PO - PANDWASI , DIST - PRATAPGARH, STATE - UTTAR PRADESH HAVE CHANGED MY NAME FROM GIRJA SHANKER TIWARI TO GIRIJA SHANKAR TIWARI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 23/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मध्य पूर्व में बिगड़ते हालात....** सुबह करीब 10 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में सवार सभी 262 लोग सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यात्रियों को लाउंज और आस-पास के होटलों में ठहराने के लिए व्यवस्था की गई थी। ब्रिटिश एयरवेज ने एक बयान में विमान की वापसी की पुष्टि करते हुए कहा कि वह आगे की यात्रा के लिए मौजूद विकल्पों को तलाशा जा रहा है। एयरलाइन ने यात्री सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वैकल्पिक मार्गों की पुष्टि होने या प्रभावित हवाई क्षेत्र के फिर से खुलने के बाद आगे की जानकारी साझा की जाएगी। रीजनल एयरस्पेस बंद होने के चलते चेन्नई से खाड़ी देशों के लिए कई फ्लाइट्स भी देरी से रवाना हुईं। कुवैत, दोहा, दुबई, शारजाह और अबू धाबी जाने वाली उड़ानों में काफी देरी हुई।

कुवैत एयरवेज की एक उड़ान, जो सुबह 3.30 बजे रवाना होने वाली थी, वह सुबह 05.40 बजे रवाना हुई। इसी तरह, दोहा जाने वाली कतर एयरवेज की एक फ्लाइट और दुबई जाने वाली एमिरेट्स की एक फ्लाइट में लगभग एक घंटे की देरी हुई।

**पहलगाम हमला : आतंकियों को....** एजेंसी ने कहा कि दोनों लोगों ने आतंकियों को भोजन, आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी, जिन्होंने 22 अप्रैल को पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन-चुन कर मार डाला, जिससे यह अब तक का सबसे भीषण आतंकी हमला बन गया। एनआईए ने दोनों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया है और हमले के बाद दर्ज मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू की आगे की जांच कर रही है। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली एनआईए ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नरसंहार में शामिल हो सकते हैं।

**लालू बने रहेंगे जाद के....** इतना मजबूर कर देंगे कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे। कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। यादव ने लिखा, हम निरंतर कह रहे है कि हम राजग सरकार को इतना मजबूर कर देंगे कि नीतीश कुमार हमारे हर वादे, योजना, विजन और सोच की नकल करेंगे।

पहले नौकरी रोजगार की बात पर और अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन के विषय पर... कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बारी-बारी हमारी हर बात की नकल करनी पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो मुख्यमंत्री 20 साल से लाख अनुनय, विनय एवं आंदोलन एवं आलोचना के बावजूद पेंशन नहीं बढ़ा रहे थे उसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन को तेजस्वी यादव ने एक बार फिर बढ़ाकर 1500 रूपये करने की अपनी घोषणा और उसके प्रचार-प्रसार से सरकार को पेंशन बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 साल से श्री कुमार को बिहार के दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं विधवा माताओं के कल्याण की सुध लेने की जरूरत ही महसूस नहीं हुई, पर तेजस्वी ने अपने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की घोषणा कर मुख्यमंत्री पर ऐसा दबाव बनाया कि मजबूर होकर नीतीश सरकार को अपना अहंकार त्याग दिव्यांगजन, विधवा एवं विद्धजनों का पेंशन बढ़ाना पड़ा।

## सार समाचार

### 5.42 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी रिक्त आंगनबाड़ी केदो पर आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है इसी क्रम में परियोजना बल्देवगढ़ अंतर्गत 08 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 106 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती की जाना है जिसके आवेदन एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल (https://chayan.mponline.gov.in) के माध्यम से दिनांक 20 जून 2025 से 4 जुलाई 2025 तक भरे जाना है इस संबंध में परियोजना अधिकारी महेश दोहरे द्वारा बताया गया रिक्त पदों की ग्राम पंचायत में विज्ञप्ति चस्पा कर संबंधित ग्रामों में प्रचार प्रसार किया गया है जिससे सभी आवेदकों तक सूचना प्राप्त हो सके इसके साथ ही विज्ञप्ति की सूचना अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय आदि सभी स्थानों पर चस्पा की गई है आवेदन एवं भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त करने हेतु आवेदक कार्यालयीन समय में परियोजना कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# उपसचिव के बाद कलेक्टर ने राशन स्टॉक जांच के लिए नियुक्त किया था जांच दल, खाद्य विभाग के सामने पड़ा बौना

- राशन दुकान का नहीं दिया जांच प्रतिवेदन और ना ही की गई कार्रवाई
- 5 सदस्यीय टीम से कराई जाने थी जांच

● अवधेश वर्मा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** उप सचिव म0प्र0 शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल का पत्र कमांक/एफ-7-16/2019/29-1 भोपाल दिनांक 21 नवम्बर 2024 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को वितरण हेतु आवंटित खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक के पीओएस में दर्शित स्टॉक एवं उचित मूल्य दुकान पर उपलब्ध भौतिक स्टॉक का सत्यापन कराया जाकर कम पाए गए स्टॉक के कारणों को ज्ञात कर कार्यवाही राशि की वसूली, स्टॉक का समयोजन तथा पीओएस मशीन के स्टॉक में संशोधन करने के निर्देश दिए गए है। तत्कालीन कलेक्टर अवधेश शर्मा ने आदेश जारी दिनांक 3 दिसंबर 2024 को तहसीलवार जांच दल का गठन किया गया था।



हालांकि जिले की राशन दुकानों पर विक्रेता और प्रबंधकों ने पीओएस मशीन में हजारों क्विंटल गेहूं और चावल का स्टॉक बना लिया है। बावजूद जतारा,पलेरा और बल्देवगढ़ के कनिष्ठ अधिकारी द्वारा चहेतों को अतिरिक्त आवंटन दिया जा रहा है। अतिरिक्त आवंटन को घटाने के लिए नवंबर 2024 में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के उप सचिव ने आदेश जारी किए थे। जिसमें दुकानों का भौतिक सत्यापन और स्टॉक बनाने वाले प्रबंधक एवं विक्रेता पर वसूली कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। कनिष्ठ अधिकारी द्वारा न जांच, वसूली, सीधे स्टॉक का आवंटन घटा दिया गया।

| | |
|---|---|
| 378 | राशन दुकानें |
| 219120 | पात्र परिवार |
| 10072 | टीकमगढ़ |
| 1549 | बड़ागांव धसान |
| 1765 | बल्देवगढ़ |
| 2691 | जतारा |
| 2393 | कारी |
| 2397 | खरगापुर |
| 2038 | लिधौरा खास |
| 3038 | पलेरा |

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के उप सचिव बीके चंदेल ने नवंबर 2024 में कलेक्टर के नाम आदेश जारी किया था। आदेश में कहा था कि जिले राशन दुकानों की पीओएस मशीन में हजारों क्विंटल गेहूं, चावल, नमक और शक्कर का स्टॉक बना है। इसके स्टॉक को घटना के पहले राशन दुकान का भौतिक सत्यापन किया जाए। बनाए गए स्टॉक का विवरण लिया जाए। गवन किया है तो वसूली के नोटिस दिए जाए। वसूली का राशि जमा नहीं करता है तो कार्रवाई की जाए। इसकी जांच के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय सहकारिता अधिकारी, प्रबंधक और कनिष्ठ अधिकारी की टीम का गठन किया गया था। इन सभी की सहमति के बाद कार्रवाई की जाए। लेकिन कनिष्ठ अधिकारी ने जतारा, पलेरा और बल्देवगढ़ की राशन का बगैर प्रतिवेदन, जांच और नोटिस के हजारों क्विंटल का घटाया गया है।

**371 में से 242 दुकानों का घटाया गया स्टॉक:** जिले के टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पलेरा और जतारा की 371 राशन दुकानों में हजारों क्विंटल स्टॉक बना है, लेकिन दुकानों पर एक भी दाना नहीं है। इन सभी दुकानों का भौतिक सत्यापन कर संबंधित के खिलाफ वसूली की कार्रवाई की जानी थी। लेकिन कनिष्ठ खाद्य अधिकारी ने बगैर पांच सदस्यीय और भौतिक सत्यापन के 242 राशन दुकानों का हजारों क्विंटल बने पीओसी मशीन के स्टॉक को घटा दिया है।

### इनका कहना है

बगैर जांच टीम के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने 242 राशन दुकानों की पीओएस मशीन का घटाया है तो इस मामले की जानकारी कलेक्टर महोदय के संज्ञान में है, कि बिना जांच प्रतिवेदन के स्टॉक घटाया गया है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी ।

**कुलदीप अहिरवार,**
**जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी टीकमगढ़।**

# विरोध प्रदर्शन का दिखा असर, कंपनी ने 2 ट्रांसफार्मर बदले

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बीते रोज कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन का असर शनिवार को बम्हौरीकलां में दिखाई दिया। यहां पर महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को कंपनी ने बदल दिया है। विदित हो कि यह ट्रांसफार्मर खराब होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही थी। वहीं कांग्रेस ने शीघ्र ही पूरे क्षेत्र की लाइट व्यवस्था दुरूस्त न होने पर आगे भी आंदोलन करने की बात कही है।

बम्हौरीकलां के घटिया मोहल्ला कृषक सेवा सरकारी समिति के पास दो ट्रांसफार्मर लगे हुए है। जिसमें एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए लगा हुआ था। यह कई महीनों से खराब पड़ा था। इसके खराब होने से यहां का वैक्सीन का स्टोर भी बंद कर उसे पलेरा शिफ्ट करना पड़ा था। साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगा एक अन्य ट्रांसफार्मर भी खराब पड़ा हुआ था। इसके लिए ग्रामीण लगातार विभाग के अधिकारियों से मांग कर रहे थे, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे थे। इस परेशानी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव किरण अहिरवार ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ तहसील कार्यालय प्रांगण में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार पीयूष दीक्षित को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही यहां की बिगड़ी बिजली व्यवस्था में सुधार न होने पर उग्र प्रदर्शन करने की बात कही थी।

कांग्रेस के इस ज्ञापन के बाद हरकत में आई बिजली कंपनी ने शनिवार को ही यहां के दोनों ट्रांसफार्मर को बदल दिया है। विदित हो कि कांग्रेस ने 22 जून को ट्रांसफार्मर न बदलने जाने पर कंपनी का घेराव करने की चेतावनी दी थी। वहीं किरण अहिरवार का कहना है कि यदि जल्द ही पूरे क्षेत्र में लाइट की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो कांग्रेस आगे भी आंदोलन करेगी।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को नौगांव से किया गिरफ्तार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** थाना कोतवाली में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 383/25 धारा 64(1) बीएनएस एवं 5/6 पोक्सो एक्ट के गंभीर प्रकरण में वांछित आरोपी राजेंद्र विश्कर्मा पिता घनश्याम विश्कर्मा, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम सुकवा, थाना नौगांव, जिला छतरपुर, घटना दिनांक से फरार चल रहा था ।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सीताराम,एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र छारी के नेतृत्व में उक्त अपराध के फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई । पुलिस टीम द्वारा सतत निगरानी, सूचना संकलन एवं सटीक रणनीति के तहत दिनांक 21/06/2025 को आरोपी को थाना नौगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी को न्यायिक रिमांड (छ्व.क्र) पर माननीय न्यायालय टीकमगढ़ में पेश किया गया।

इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली उपेंद्र छारी,उप निरीक्षक मनोज यादव,आरक्षक क्रमांक 653 पंकज यादव,आरक्षक क्रमांक 660 अजय पटेल की सक्रिय भूमिका रही, जिनके समन्वित प्रयासों से आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया।

### हरियाली की ओर एक सार्थक प्रयास, पुलिस का अभिनव अभियान

# चौकी परिसर में 51 पौधे रोपे



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में एक समर्पित पर्यावरण संरक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना एवं समस्त थाना,चौकी क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर हरित वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) टीकमगढ़ श्री राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खरगापुर के नेतृत्व तथा चौकी प्रभारी देरी उप निरीक्षक चंदन शाक्य द्वारा देरी चौकी परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। इस अवसर पर चौकी परिसर में फलदार एवं पुष्पीय पौधों का रोपण कर एक सुंदर उद्यान का विकास किया गया है।

रोपित पौधों के संरक्षण हेतु पृथक एवं सुनियोजित सिंचाई व्यवस्था की गई है, जिससे पौधों के समुचित विकास को सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल न केवल पर्यावरणीय संवर्धन की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि क्षेत्रीय नागरिकों को भी प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम बन रही है। साथ ही स्थानीय नागरिकों को नियमित रूप से वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है एवं पर्यावरण सरंक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस का यह अभियान भावी पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में निरंतर जारी रहेगा।

# मुनि श्री की भव्य अगवानी

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** 23 जून को प्रात: 6:30 पर मुक्तिधाम मार्ग बानपुर दरवाजा रोड से मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 जयंत सागर जी महाराज की भव्य अगवानी होगी। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि विगत तीन दिन पहले सकल दिगंबर जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल ललितपुर अटा मंदिर जी वहा पर मुनि संघ विराजमान थे 26 गाड़ियों के साथ श्रीफल भेंट करने गए थे । महाराज श्री ने आशीर्वाद देते हुए उसी दिन पैदल विहार कर दिया था 3 दिन में पैदल यात्रा करते हुए टीकमगढ़ के निकट आ गए हैं नरेंद्र जनता ने जानकारी दी कि पूरी समाज के स्वीकृति पर बाजार जैन मंदिर में यह चातुर्मास कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है चार माह मुनि संघ यही विराजमान रहेंगे प्रवचन एवं धर्म लाभ यहीं से मिलेगा।



# ई अटेंडेंस के विरोध में बैठक बनी रणनीति सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही ई अटेंडेंस का विरोध प्रदेश के शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है इसको रोके जाने के लिए बिभिन्न स्तर पर रणनीति बनाई जा रही है इसी क्रम में पी एम यू एम शिक्षक संघ के बैनर तले स्थानीय सतेंद्र मंच पर एक रणनीति बैठक का आयोजन किया गया जिसमे निर्णय लिया गया की प्रत्येक विधान सभा के विधायक और सांसदों मंत्रियों से संघ मुलाकात करेगा और उनका समर्थन प्राप्त कर ई अटेंडेंस के आदेश को बापिस कराएगा. इसी क्रम में जिले के शिक्षक केबिनेट मंत्री के घर पहुंचे और केबिनेट मंत्री के निज सालाहकार अनुराग वर्मा को ज्ञापन सौंपकार माननीय मंत्री जी तक शिक्षकों की बात पहुँचाने के लिए ज्ञापन का वाचन किया।

पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रान्त सतीश खरे ने कहा की ई अटेंडेंस सिर्फ शिक्षकों पर लागू की जा रही है जिससे शिक्षक समाज संदिग्ध प्रतीत होगा यह योजना समाज में शिक्षकों की छवि को धूमिल करेगा. शिक्षकों की पूंजी उसका गहना सिर्फ सम्मान होता है और शिक्षक अपने सम्मान को बचाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा. आज के ज्ञापन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश खरे,महेंद्र गुप्ता, ब्रजेश असाटी, शिव प्रताप सिंह बुंदेला, संतोष अहिरवार रमाशंकर त्रिपाठी,श्रीमती सुधार गौतम, नीलू राय, अनुश्री शर्मा, माया देवी अहिरवार, सीमा शर्मा, परवीन बानो, आरती रिछरिया, ममता यादव,उमाशंकर श्रीवास्तव, दीपेश रजक,अंकित खरे,माधो प्रजापति, हरिबाई, संजय रावत, शिशुपाल सिंह बुंदेला, बैभव खरे,कमलेश चढ़ार,प्रणव, हरिनारायण, मनोज कसगर, हरलाल रायकवार, अक्षय श्रीवास्तव, फूल चन्द अहिरवार, दीपचंद साहू, संजीव साहू, अनुपम जैन, राजीव खरे, लक्ष्मण सोनी, ब्रिज बिहारी सोनी, रामकिशोर अहिरवार, परशुराम मिश्रा, बंटी रावत जीतेन्द्र यादव, सुरेंद्र स्वर्णकार, के पी रायकवार सहित अनेको शिक्षक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में की बैठक आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एलडीएम अग्रणी बैंक टीकमगढ़ कैलाश नारायण आर्य के द्वारा जिले के विभिन्न बैंकों के सीडी रेश्यो की शाखा बार प्रगति प्रस्तुत की गई, साथ ही इसे कैसे बढ़ाया जाये इस पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभाग बार, बैंक बार समीक्षा की गई एवं प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों एवं 10 वर्ष पुराने खातों में ई-केवाईसी कराने हेतु बैंकों को कहा गया तथा जिन खातों में डीबीटी सक्रिय नहीं है, उनको प्राथमिकता के अनुसार डीबीटी सक्रिय करने हेतु कहा गया।

इस अवसर पर आरबीआई भोपाल से एलडीओ धीरज गुप्ता, नाबार्ड से डीडीएम मिर्जा फैसल बैग, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसबीआई मुख्य शाखा से धीरेन्द्र चौरसिया, एमपीजीबी आरओ से मोहम्मद मोहसिन खांन सहित सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक, संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

### छत्रसाल जन्मस्थली मोर पहाड़ी पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की मांग

# जिले में उद्योग लगाएं जाएं, भाजपा विधायक और जिलाध्यक्ष ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जतारा विधायक हरिशंकर खटीक और भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। उन्होंने दो प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। शनिवार को जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने इस बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहली मांग में महाराजा छत्रसाल की जन्मस्थली मोर पहाड़ी पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई। महाराजा छत्रसाल का जन्म 4 मई 1645 को जतारा विधानसभा क्षेत्र की मोर पहाड़ी में हुआ था। वर्तमान में उनकी राजधानी रही धुवेला मऊसहानिया में प्रतिवर्ष %विरासत% कार्यक्रम होता है। लेकिन जन्मस्थली पर कोई आयोजन नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

दूसरी मांग में जिले से मजदूरों का पलायन रोकने के लिए बड़े उद्योग स्थापित करने की बात कही गई। टीकमगढ़ में औद्योगिक नीति एवं निवेश विभाग का कोई बड़ा उद्योग नहीं है। जिला प्रशासन ने उद्योग स्थापना के लिए जमीन चिन्हित कर ली है। क्षेत्र में डायस्पोर, पायरोफ्लाइट और अन्य खनिजों का भंडार है। प्रतिनिधिमंडल ने सीमेंट, रासायनिक खाद, स्टील और कॉस्मेटिक सामग्री के कारखाने खोलने की मांग की है। मुलाकात के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज देवलिया, रितेश भदौरा, अभिषेक खरे और प्रमोद यादव भी मौजूद रहे।

### पलेरा नगर परिषद की वार्डों का बुरा हाल

# घरों के अंदर घुसा पानी, सड़कें बन गई तालाब, जनता पर हो रही आफतों की बौछार

**पलेरा, देशबन्धु ।** नगर में मानसून की आमद के साथ ही जनता को आफतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नगरीय निकाय की जमकर किरकिरी हो रही है। शनिवार की रात से हो रही बारिश के चलते नगर के तमाम वार्डों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। महज कुछ घंटे की बरसात में ही नगर का ऐसा हाल हो चुका है, जैसे कभी मूसलाधार बारिश के बाद हुआ करता था। तमाम लोगों के घरों में पानी घुस चुका है, नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर की स्थिति लबालब हो चुकी हैं और आम जनता असहाय होकर गुहार लगा रही है। नगर के भाजपा पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार ने रविवार के दिन नगर की स्थिति का जायजा लेने के बाद सोशल मीडिया में पोस्टर जारी करते हुए लिखा कि नगर परिषद के द्वारा तत्काल एक टीम गठित करते हुए यथासंभव उपाय करते हुए लोगों की मदद की जाएं। इसके अलावा भाजपा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद गुलाब आदिवासी ने बताया कि बारिश के पूर्व ही उन्होंने 2 मई को एक शिकायती आवेदन पत्र लेख करते हुए सीएमओ शिवि उपाध्याय को सौपा था। आवेदन पत्र पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने पर पहली बारिश में ही नतीजा सामने है। उन्होंने बताया कि अवध बिहारी राय के मकान से लवकुश महाराज के घर के पास तक पूरी नाली कचरे से भरी हुई है। पार्षद गुलाब आदिवासी ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के समय में बरसात के पूर्व नगर परिषद के द्वारा वार्डों की स्वच्छता को लेकर लापरवाही बरती गई है। भग्गू कुशवाहा के मकान के चारों ओर पानी भरा हुआ है। ऐसे में नगर परिषद के द्वारा नगर की वार्डों में किसी भी प्रकार के राहत कार्य नहीं किये जा रहे हैं। नगर की हरितला मंदिर कॉलोनी के पास भी स्थिति बेहद खराब बनी हुई है।



**जनता में भ्रम फैला रही कांग्रेस- संजू बाबा**

पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में हुई पहली हल्की बारिश ने नगर परिषद के स्वच्छता के दावों को फैल कर दिया है। नगर की तमाम वार्डों में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं, लेकिन राहत कार्य करने की जगह परिषद के कर्ताधर्ता जनता में भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस की गुटबाजी का नाम देते हुए सुविधाओं के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। जबकि ऐसे समय में तत्काल एक सर्वे टीम गठित करते हुए वार्ड वाशिंदों के लिए पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता जनप्रतिनिधियों को कोष रही है। कई वार्डों की स्थिति बेहद खराब है।

# जागरूकता अभियान : बाल विवाह समाज की नींव को कमजोर करता है



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में बाल विवाह निषेध के उद्देश्य से एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

एसपी श्री मंडलोई ने अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य और अधिकारों का भी हनन है। यह हमारे समाज की जड़ों को कमजोर करता है, जिसे हम सब मिलकर समाप्त करें।

अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने हेतु सभी *थाना व चौकी प्रभारियों* को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संबंधित विभागों, महिला एवं बाल संगठनों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं (ह्लह्लह्य) के साथ समन्वय बनाकर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम* आयोजित करें।

**सहयोगी विभाग एवं संस्थाएँ**

- ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क ज़ महिला थाना एवं एसजेपीयू शाखाज़ महिला एवं बाल विकास विभाग
- शिक्षा विभागज़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
- स्थानीय *गैर-सरकारी संगठन (एनजीओज)

पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न गाँवों में नीचे दिए गए प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी का प्रसार, स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं पंचायत भवनों में संवाद सत्र, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 'चौपालें' और जनसंवाद कार्यक्रम,संभावित बाल विवाह* पर सतर्क निगरानी और त्वरित पुलिस हस्तक्षेप । पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने निर्देशित किया कि यदि किसी भी क्षेत्र में *बाल विवाह* की सूचना प्राप्त हो, तो उस पर 'तत्काल वैधानिक कार्रवाई' सुनिश्चित की जाए। साथ ही, आमजन को यह विश्वास दिलाया जाए कि पुलिस प्रशासन उनके अधिकारों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

**पुलिस की जनअपील:** यदि आपको कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल निकटतम थाना, महिला हेल्प डेस्क या हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें। समाज की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा और भविष्य की सशक्त नींव यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर बाल विवाह को जड़ से समाप्त करें।

## सार समाचार

### दिवंगत राजा को रघुवंशी समाज ने दी श्रद्धांजलि



**गुना, देशबन्धु।** पति के साथ शिलॉन्ग घूमने गए इंदौर निवासी राजा रघुवंशी हत्याकांड को एक महीना पूरा हो चुका हैए इस मामले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। गुना में भी रघुवंशी समाज इस हत्याकांड से दुखी और आहत नजर आ रहा है। इसी के चलते शनिवार शाम को गुना में स्वर्गीय राजा रघुवंशी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह श्रद्धांजलि सी.सी.आई. पार्क, आंबेडकर चौराहा गुना में युवा संघ रघुवंशी समाज गुना द्वारा आयोजित की गई थी। इस अवसर पर आकाश रघुवंशी, कान्हा रघुवंशी, शिवम रघुवंशीए अंशुल रघुवंशी, आशीष रघुवंशी ;पिंटूद्ध, हर्ष रघुवंशी, निखिल रघुवंशी, नितिन रघुवंशी, अमित रघुवंशी, राम रघुवंशी, साहिल रघुवंशी, हरिओम रघुवंशी, अंकित रघुवंशी, शेखर रघुवंशी, तरुण रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, राज रघुवंशी, हर्षित रघुवंशी और समस्त रघुवंशी युवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने राजा रघुवंशी को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# स्मार्ट मीटर संबंधित भ्रांति दूर करने बिजली विभाग कर रहा जनसंपर्क

**दमोह देशबन्धु।** शहर में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य चल रहा है जो पूरा होने की कगार पर है। 22 जून 2024 को दमोह शहर में पहला स्मार्ट मीटर इंद्रा कॉलोनी में लगाया गया था और अब तक दमोह शहर के 35000 बिजली उपभोक्ताओं में से 29000 लोगों के स्थलों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22 जून 2025 दिन रविवार को नगर के वैशाली नगर, विवेकानंद नगर, क्रिश्चियन कॉलोनी एवं किल्लाई नाका के आसपास स्मार्ट मीटर के बारे में प्रतिक्रिया लेने जनसंपर्क अभियान चलाया गया और उपभोक्ताओं को स्मार्ट बिजली ऐप के बारे में समझाया कि कैसे आप घर बैठे ही स्मार्ट बिजली एप के माध्यम से प्रतिदिन की खपत और रीडिंग मोबाइल पर देख सकते हैं। क्षेत्र के लोगों ने



संवाद कर स्मार्ट मीटर के बारे में अपनी राय रखी जिसका वीडियो भी बनाया गया। अधिकारियों द्वारा सर्विस क्रमांक- 1307011463 आरती/देवशंकर तिवारी क्रिश्चियन कॉलोनी, सर्विस क्रमांक 1307026144 राजकुमारी / ध्रुव नामदेव क्रिश्चियन कॉलोनी, सर्विस क्रमांक- 1307018553 राजीव रॉबिन प्रसाद क्रिश्चियन कॉलोनी, सर्विस क्रमांक- 1307034910 संदीप दुबे सोफिया स्कूल के पास किल्लाई रोड बी-26 वैशाली नगर से संपर्क कर स्मार्ट मीटर के बारे में चर्चा की गई। लोगों ने बताया कि पहले हमें लगा कि स्मार्ट मीटर लगने से ज्यादा बिल आएगा लेकिन यह मात्र भ्रम है जबकि सच्चाई यह है कि दोनों मीटर एक सी रीडिंग देते हैं। 1 तारीख से महीने की आखिरी तारीख की रात 12 बजे तक का बिल बनता है। जिससे राज्य शासन की ओर से जारी होने वाली सब्सिडी को लेकर भी लोगों में संतुष्टि है। पहले कभी 25 दिन तो कभी 35 दिन का बिल रीडिंग से आता था जो कि अब नेट 1 माह का बिल आता है जिससे संतुष्टि बढ़ी है। स्मार्ट बिजली आप से एक अनुमानित माह का खपत भी पता चल जाता है कि हमारा बिल इस माह कितना आएगा।

उपभोक्ताओं का परिसर बंद होने पर भी वास्तविक खपत का बिल सिस्टम से अपने आप बन के आ जाता है क्योंकि स्मार्ट मीटर में रीडिंग लेने के लिए मीटर रीडर को जाना नहीं होता। इस प्रकार बिजली विभाग ने पारदर्शिता बनाने के लिए चेक मीटर भी लगा के रखे हैं जहां अब तक शहर में कुल 840 चेक मीटर स्थापित किया गया हैं। चेक मीटर का काम है कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर संदेह होता है वो चेक मीटर की रीडिंग से मिलान कर खपत में संतुष्टि प्राप्त कर सकता है। चले संपर्क अभियान में अधीक्षण अभियंता श्री सुभाष नागेश्वर, कार्यपालन अभियंता मोतीलाल साहू, सहायक अभियंता राघवेन्द्र जी, सब इंजीनियर शालिनी गुप्ता मौजूद रही हैं।

## एक ही सीसी सड़क का 5 बार निमार्ण कार्य कर निकाली राशि



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खैजरा लखरोनी के ग्राम भैंसा में एक ही जगह पाँच बार सीसी सड़क की राशि निकाली गई हैं जबकि उस ओर पूरा कृषि क्षेत्र हैं और तालाब के किनारे पर लोगों के बाड़े है जो सड़क पर भी अतिक्रमण किए हुए है सोचने वाली बात यह है कि एक जगह पर आमने – सामने, आगे पीछे लोगों के नाम व घर का उल्लेख कर शासकीय राशि की निकासी करते रहे और उपयंत्री बिना निरीक्षण के भौतिक व तकनीकी स्वीकृति करते रहें।

**एक जगह पर नाम बदल कर निकाली पाँच बार राशि**

दिनाँक 26/01/2017 में पंच परमेश्वर योजना के तहत सीसी सड़क स्वीकृत हुई जिसकी निर्धारित राशि 157750 रूपए थी और सीसी सड़क निर्माण मार्च माह में किया गया फिर दिनाँक 02/10/2017 में पंच परमेश्वर योजना के तहत स्वीकृत हुई थी जिसकी राशि करीब 5 लाख 35 हजार रुपए थी और निर्माण कार्य जनवरी 2018 में किया, फिर 14/4/2018 में पंच परमेश्वर योजना के तहत स्वीकृत हुई थी जिसकी राशि करीब 6 लाख रुपए थी और सीसी सड़क का निर्माण कार्य जुलाई माह में करवाया गया दिनाँक 14/04/2022 में विधायक निधि से सीसी सड़क स्वीकृत हुई जिसकी निर्धारित राशि करीब 15 लाख रुपए थी और अब उसी स्थान पर मुक्तिधाम से खैरमाता तक पांचवीं बार सीसी सड़क निर्माण कार्य हुआ है जिसकी राशि पंचायत सचिव द्वारा लगभग चार लाख रुपए बताई गई है बिना बोर्ड और मापदंडों के विपरीत और पहले बनाई गई सीसी सड़क को दो वर्ष ही हुए है और फिर अभी सीसी सड़क के उपर तीन – चार इंच ऊंचाई कर निर्माण कार्य करवाया गया है मतलब पूरी पंचायत में एक ही जगह सीसी सड़क की अतिआवश्यक है जहां हर बार फाइल बन रही है। क्या शासन प्रशासन उक्त पंचायत में सीसी सड़क मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करा पायेंगी ऐसी जनपेक्षा है।

### इनका कहना है

उक्त सीसी सड़क की जांच कराई जाएगी।

**राम भरत कटारे जनपद पंचायत प्रभारी सीईओं**

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**दमोह देशबन्धु।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव ढाबा हथनी तिराहे पर रविवार शाम अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार युवक खिल्लू उर्फ खिलान पिता किशोरी पटेल उम्र 25-30 वर्ष निवासी राजा पटना के कछुआरा को टक्कर मार दी. जिससे मोटर साइकिल सवार की मौके पर मौत हो जाने पर परिजनों ने दमोह-जबलपुर मार्ग पर जाम लगा दिया.मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक पटैल पुलिस बल के साथ पहुंचे और तहसीलदार को बुलाकर समझाइस देकर जाम को खुलवाकर शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया।



## युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने की मतदान तिथियों की घोषणा

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्रधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में जिला कांग्रेस कार्यालय में तेलंगाना से जोलन रिटर्निग अधिकारी तुल्ला रवि ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त मध्यप्रदेश के साथ साथ दमोह जिले में यह चुनाव अभियान दिनांक 20 जून 2025 से प्रारंभ होकर आगामी माह 19 जुलाई को सांय 5 बजे तक चलेगा। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्रधिकरण ने जानकारी दी है कि पूरे 1 महिने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान वीथ आईवाईसी एप् पर आनलाइन किया जायेगा।





तुल्ला रवि ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लाक कमेटी विधानसभा कमेटी जिला महासचिव जिलाध्यक्ष प्रदेश महासचिव प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये मतदान किया जायेगा। सदस्यता और मतदान में दमोह जिले के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवा युवतियां इस प्रक्रिया में भाग ले सकेगें। मतदान के दौरान दस्तावेज पहचान पत्र के रूप में वोटर कार्ड एवं ईमतदान पहचान पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड दिखाने की वैधता रखी गई है चुनाव प्रधिकरण के सदस्यो ने भाग लेने की अपील राफीक खान, अरूण दुबे, राहुल जैन, भूपेन्द्र आजवानी, मंजीत यादव, अफजल खान, अभिषेक डिम्हा, जावेद रोजान, अनुज ठाकुर सहित अनेकों युवा कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## वाहनों की चैकिंग कार्यवाही की गई



**दमोह देशबन्धु।** यातायात पुलिस दमोह द्वारा शहर के मारूताल चौराहा व पॉवर ग्रिड के सामने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की चैकिंग कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि कार्यवाही में कुल 45 वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई। उक्त 45 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 37,600 रुपए का चालान शुल्क वसूला गया.जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक के उद्देश्य के मद्देनजर जिले के सामान्य थानों में भी औचक वाहन चेकिंग कार्यवाही की जा रही है।

## मोटर साइकिल दुर्घटना में 1 की मौत



**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुगदुपुरा के पास सामने से आ रही मोटर साइकिल सवार ने टक्कर युवक को टक्कर मार दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार तेजगढ़ निवासी बबलू ठाकुर उम्र 35 वर्ष को सामने से आ रही मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जब घायल को स्वास्थ केंद्र ले जाया गया तभी रास्ते में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है टक्कर मारने बाला मोटर साइकिल सवार घटना स्थल से मोटर साइकिल सहित फरार हो गया पुलिस ने बताया कि मार्ग कायम कर फरार युवक की तलाश की जा रही है।

## एसयूसीआई ने युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया



**गुना, देशबन्धु।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफइंडिया (कम्युनिस्ट) की गुना जिला कमेटी ने रविवार को जयस्तंभ चौराहा पर दुनिया भर में जारी साम्राज्यवादी युद्धों के खिलाफ और मानव जाति को बचाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के सदस्य लोकेश शर्मा ने कहाए हम दुनिया भर में जारी तमाम युद्धों के खिलाफ हैं। हाल ही में अमेरिका इजरायल साम्राज्यवाद द्वारा ईरान पर किए गए बर्बर सैन्य हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह हमला सभी अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन हैए जिसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी(आईएईए) की चेतावनियों और दुनियाभर के शांतिप्रिय जनमत की भी अनदेखी की है। जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने मौजूदा युद्धों को पूंजीवादी साम्राज्यवादी देशों की अर्थव्यवस्थाओं को चलाने का एक तरीका बताया।

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने मांग की है कि दुनिया भर में साम्राज्यवादियों द्वारा किए जा रहे सैन्य हमलों को तुरंत रोका जाए। पार्टी के अनुसारए ये हमले पूरी मानवजाति पर हमले हैं और विश्व शांति के खिलाफ हैं। पार्टी ने दुनिया के सभी शांतिप्रिय और जनवाद पसंद लोगों से एकजुट होने और अमेरिकी.इजरायली साम्राज्यवादी दरिंदों के इस जघन्य युद्ध के खिलाफ विरोध की आवाज बुलंद करने की अपील की। प्रदर्शन का संचालन मनोज रजक ने किया।

### मौके पर पहुंचे कलेक्टर एसपी और भाजपा नेता

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर किशोर कन्यालए एसपी अंकित सोनीए भाजपा नेता महेंद्र सिंह किरारए फतेहगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम यादवए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुरए एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडेयए होमगार्ड कमांडेंट आरण्केण् पाथरोलए तहसीलदार बमोरी देवदत्त गोलिया और सीईओ बमोरी पुष्पेंद्र व्यास सहित पुलिसए होमगार्ड और राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा। जिला पंचायत सदस्य किरार ने उपस्थित ग्रामीणजनों को केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि जिला प्रशासन के माध्यम से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कलेक्टर श्री कन्याल ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया और तत्काल एसडीओ पीडब्ल्यूडी को पुल पर बैरिकेडिंग करने तथा दोनों ओर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। साथ हीए उन्होंने सीईओ जनपद बमोरी और थाना प्रभारी को बारिश के मौसम में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पुल के दोनों सिरों पर पुलिसकर्मी और ग्राम पंचायत के चौकीदारों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## आरोन पुलिस ने 50 हजार के गांजे के साथ पकड़े 2 आरोपी

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया और उनकी टीम ने हाल ही में थाना क्षेत्र से अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ हीए उसे गांजा उपलब्ध कराने वाले को भी मामले में नामजद किया गया है।

हाल ही में आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम बारोद की ओर से बाबा के वेश में एक व्यक्ति के थैले में गांजा लेकर पनबाड़ी हाट की ओर आने की सूचना मिली थी। पनवाड़ी हाट चौकी से पुलिस की एक टीम तुरंत बारोद रोड की ओर रवाना हुई और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की। सराई तिराहे के पास पुलिस को मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का एक व्यक्ति अपने हाथ में थैला लेकर चलता हुआ दिखा। पुलिस ने उसे रोककर नाम.पता पूछा तो उसने अपना नाम घनश्यामदास पुत्र भूरा अहिरवार ;उम्र 65 सालए निवासी ग्राम



नेवए हाल पनवाड़ी हाटए थाना आरोनए जिला गुनाद्ध बताया। उसके पास रहे थैले की जांच करने पर कुल 2०570 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजाए जिसकी कीमत 50 हजार रुपये हैए बरामद हुआ। पुलिस ने गांजे को विधिवत जब्त कर आरोपी घनश्यामदास अहिरवार को गिरफ्तार किया। जब उससे बरामद गांजे के बारे में पूछा गयाए तो उसने बताया कि उसने यह गांजा ग्राम बारोद निवासी रामसिंह पुत्र बुंदेल सिंह रघुवंशी से खरीदा था और इसे फुटकर में बेचने के लिए लेकर आ रहा था। इस पर गांजा क्रय.विक्रय में शामिल दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोन थाने में अपराध क्रमांक 304҂25 धारा 8҂20ए 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा का योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल कैंटए विवेक कॉलोनी में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के कुशल योग गुरुओं ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राएं सिखाईं और योगाभ्यास करवाया। योग कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं योग के जिला प्रभारी रविंद्र रघुवंशी (टल्लू)प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज निगम, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैनए जिला योग दिवस समिति सदस्य ओमप्रकाश नरवरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता बारेलाल धाकड़, रामबाबू राठौरए पप्पू चौधरी, मातादीन धनवारिया, नरेंद्र बढ़कुल, भानु तोमर, और दिनेश ओझा प्रमुख रूप से शामिल थे। कैंट मंडल योग समिति के संयोजक राजेंद्र सिकरवार और सह.संयोजक अरविंद धाकरे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**शिक्षा व्यवस्था पर सवाल**

# 6 साल से स्कूल में नहीं, फिर भी वेतन खाते में

**पन्ना, देशबन्धु।** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार किस हद तक जड़ें जमा चुका है, इसका जीता-जागता उदाहरण शाहनगर विकासखण्ड में देखने को मिला है। शासकीय हाईस्कूल मैन्हा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक बाल्मीक बागरी पिछले छह वर्षों से न स्कूल आए, न उपस्थिति दर्ज करवाई, लेकिन हर महीने 72,000 से अधिक वेतन उनके खाते में पहुंचता रहा — वह भी बिना रुकावट। यह चौंकाने वाला खुलासा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 (RTI) के तहत मांगी गई जानकारी के बाद हुआ।

शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय अब भ्रष्टाचार का अड्डा बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला शाहनगर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल मैन्हा में सामने आया है, जिसमें शासकीय हाईस्कूल मैन्हा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक बाल्मीक बागरी सन् 2019 से वर्तमान तक जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, शिक्षक ना गुनौर में कार्यरत है और न ही मैन्हा में, किन्तु महंगाई के दौर में वेतन बेधड़क साहेब के खातें में वर्षो से डाली जा रही है। मामले की पडताल करने पर पता चला कि पूर्व प्रभारी प्राचार्य मैन्हा सुशील श्रीवास्तव, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहनगर कमल सिंह व प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रागिनी तिवारी की चैकड़ी द्वारा आपस में हितलाभ साधते हुए यह खेल रचा गया, आपस





में क्या समझौता या लेनदेन था यह अब भी रहस्यमयी बना हुआ है। मामले का खुलासा सूचना के अधिकार 2005 के तहत जानकारी प्राप्त हाने पर हुआ, जिसमें शिकायतकर्ता ने पाया कि संबंधीतजन को बगैर उपस्थिति के इन तीनों के द्वारा वेतन हितलाभ घर बैठे अनवरत बेरोकटोक पहुँचाया जा रहा था। जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर बीआरसीसी गणेश शंकर शर्मा ने बताया कि जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर की उपस्थिति पंजी में संबंधीजन के कई सालों से हस्ताक्षर है ही नहीं, बाल्मीक बागरी बगैर सूचना के अनुपस्थित है, और न ही अभी तक कार्यालय से मुक्त हुए है, वा न ही मेरे कार्यालय से संबंधीजन की वेतन हेतु उपस्थिति के माहवार कोई भी दस्तावेज शुरूवात से आज वर्तमान तक मैन्हा कार्यालय को जारी किए गए है। बगैर उपस्थिति के कैसे वेतन जारी होती रही है, यह किसी चमत्कार से कम नहीं। वहीं दूसरी ओर संकुल मैन्हा की वर्तमान प्रभारी प्राचार्य सुभाषिनी गुप्ता ने बताया कि उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार संबंधीजन मैन्हा में सन् 2019 से उपस्थित नहीं हैं किन्तु पूर्व प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव द्वारा नियमित वेतन भुगतान के बिल लगाकर लिपिक द्वारा डीडीओ विकासखण्ड शाहनगर भेजकर संबंधीजन को वेतन भुगतान की जाती रही है, जो आज भी लगातार जारी है, चूँकि शिकायकर्ता द्वारा उक्त मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है, जिस पर वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में कार्यवाही की जावेगी तथा कार्यालय में पदस्थ दोनों लिपिकों वा संबंधीजन को कारण बताओं सूचना पत्र भी जारी किए गए है।

उक्त मामले में शिकायतकर्ता द्वारा वरिष्ठ कार्यालयों में शिकायती आवेदन देकर संबंधित दोषियों के विरूद्ध आहरित वेतन की वसूली वा कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की मॉग की गई है तथा जब तक दोषियों के विरूद्ध जॉच जारी रहे उन्हे निलंबित रखा जावे ताकि जॉच निष्पक्ष हो सके।

### इनका कहना है-

पूर्व प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव मैन्हा द्वारा संबंधीजन को अनवरत वेतन भुगतान की जाती रही है, मामला संज्ञान में आने के बाद वेतन भुगतान आगे नहीं किया जावेगा, वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन में आगें कार्यवाही की जावेगी।

**सुभाषिनी गुप्ता**
**संकुल प्राचार्य शास0हाई स्कूल मैन्हा, पन्ना**

संबंधीजन प्रतिनियुक्ति पर सन् 2019 से जनपद शिक्षा केन्द्र गुनौर पर कार्यरत है, जिस बावत् उनको वेतन भुगतान की जाती रही है, उपस्थिति की जानकारी लिपिकों को होगी।

**सुशील श्रीवास्तव**
**पूर्व संकुल प्राचार्य शास0हाई स्कूल मैन्हा, पन्ना**

संबंधीजन प्रतिनियुक्ति पर सन् 2019 से जनवरी 2023 तक बीआरसीसी गुनौर में पदस्थ थे, कर्मचारियन उपस्थिति पंजी में जनवरी 2023 के बाद हस्ताक्षर नहीं है, और न ही उनका कोई रिकार्ड उपलब्ध है। वर्तमान में भी वह इस कार्यालय से कार्यमुक्त नहीं हुए है वा बगैर सूचना के जनवरी 2023 से अनुपस्थित है।

**गणेश शंकर शर्मा**
**बीआरसीसी**

# युवक की हत्या, 32 घंटे बाद किया अंतिम संस्कार



## परिजन बोले आरोपियों के घर तोड़ो, पटवारी-चंद्रशेखर ने परिवार से की बात

**सागर, देशबन्धु।** जमीन विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक की मौत के एक दिन बाद भी परिजन ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। उनकी मांग है कि पहले आरोपियों के घर तोड़े जाये। उसके बाद ही अंतिम संस्कार किया जायेगा। हालांकि 32 घंटे बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। दरअसल रहली थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी चौधरी में ओंकार अहिरवार 28 की हत्या कर दी गई थी। शनिवार को परिजन ने रहली-जबलपुर मार्ग पर 6 घंटे चक्काजाम किया था। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नगीना सांसद और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने परिवार के लोगों से बात की। जीतू पटवारी ने एसपी से कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। वहीं भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर ने भी अधिकारियों से बात कर परिजनों को मदद दिलाने का आश्वासन दिया। देवरी चौधरी निवासी मुल्लू अहिरवार और जुगराज यादव के परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह मुल्लू अहिरवार अपने बेटे ओंकार अहिरवार अन्य के साथ अपने गांव वाले घर जा रहा था। तभी स्कूल के पास आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। उन्होंने ओंकार को पकड़ लिया और धारदार हथियारों से मारपीट की। मारपीट में ओंकार की गर्दन समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया था। पुलिस ने आरोपी बिदर उर्फ विंद्रावन यादव, जुगराज यादव, बड्डू यादव, उमेश यादव और विशाल यादव के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा ने बताया कि विंद्रावन यादव 45, जुगराज यादव 75, उमेश यादव 50 और विशाल यादव 50 को गिरफ्तार कर लिया है, एक आरोपी फरार है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## विधायक ने मंगल भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**सागर, देशबन्धु।** धर्म श्री अंबेडकर वार्ड में विधायक शैलेंद्र जैन ने मुख्यमंत्री की विशेष निधि से 35 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले मंगल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा शिला पूजन एवं भूमिपूजन कर कार्य शुरू कराया, उल्लेखनीय है कि विधायक जैन द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से 16 करोड रुपए की राशि से सागर में विभिन्न वार्डों में मंगल भवनो के निर्माण के लिये मांग की थी, जिसके तहत सभी वार्डों में 35-35 लाख रुपये की लागत से मंगल भवन का निर्माण किया जा रहा है, विधायक जैन ने बताया कि हमने यह मंगल भवन सैनी माली समाज को समर्पित किया है, सैनी माली समाज आर्थिक रूप से कमजोर और भाजपा के लिये समर्पित समाज है इस समाज के लिये धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए यह एक अच्छा स्थान उपलब्ध होगा। इस अवसर पर अनूप उर्मिल, विशाल खटीक, सावित्री सैनी, शैलेंद्र सैनी, शुभम सैनी, सरिता सैनी आदि उपस्थित थे।

## श्रीभक्तमाल कथा, गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव का आमंत्रण विधायक को दिया



**सागर, देशबन्धु।** 2 से 10 जुलाई तक होने वाली श्री भक्तमाल कथा श्री देवराहा बाबा सिद्ध प्रांगण स्थान रियार्थ इन होटल सागर होने वाली श्री भक्त माल कथा गुरू पूर्णिमा महोत्सव संत समागम कथा का आमंत्रण विधायक शैलेन्द्र जैन के निवास पर पहुंचकर शिष्यमंडल एवं आयोजन समिति ने दिया। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य अजय दुबे, डॉ. अनिल तिवारी ने विधायक को पूरे कार्यक्रम की जानकारी से अवगत कराया। विधायक ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस संत समागम में मैं आपके साथ हूं मेरी ओर से जहां भी जैसी आवश्यकता होगी आयोजन समिति जो भी कहेगी उसके लिये में तत्पर्य रहूंगा।

# लग्जरी कार से पकड़ी 30 पेटी शराब, पुलिस देखकर लेहदरा नाका बायपास पर भागे, कीचड़ में कार फंसी तो पकड़ा



**सागर, देशबन्धु।** मोतीनगर थाना पुलिस ने लग्जरी कार में अवैध रूप से परिवहन हो रही 30 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी है। कार्यवाही में कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि लग्जरी एसयूवी कार क्रमांक एमपी 40 सीए 2129 में बड़ी मात्रा में शराब का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। कार भोपाल रोड की तरफ से आ रही है। सूचना मिलते ही टीम गठित कर कार्यवाही के लिये रवाना की गई। पुलिस टीम लेहदरा नाका बायपास पर पहुंची और मुखबिर के बतायानुसार कार का इंतजार करने लगी। कार आते दिखी तो पुलिस ने रोका। लेकिन चालक पुलिस देखकर तेज रफ्तार में कार लेकर लेहदरा बायपास पर निर्माणाधीन ब्रिज की ओर भागा। जहां कार कीचड़ में फंस गई। तभी पुलिस ने घेराबंदी कर कार को पकड़ लिया। कार में सवार दो युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम प्रियंक उर्फ छोटू पिता राकेश श्रीवास्तव उम्र 26 साल निवासी रामनगर भैंसा और बाजू की सीट पर बैठे युवक ने अपना नाम पुष्पेंद्र पिता घनश्याम साहू उम्र 24 साल निवासी पथरिया जाट होना बताया। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस ने कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 15 पेटी बीयर और 15 पेटी बडवाइजर मेगमन जब्त की। कार्यवाही में कार से 30 पेटी शराब कीमत 93 हजार 420 रुपये जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार और शराब, कार जब्त कर थाने लाई। जहां आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया। शराब कहां से और किस स्थान पर लेकर जाई जा रही थी, इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## डीपीएस सागर में आयोजित चौथी, यूनिट शतरंज प्रतियोगिता संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** रविवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित चौथी यूनिट शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गई। इस शतरंज प्रतियोगिता के संदर्भ में टूर्नामेंट प्रभारी व प्रशिक्षक अंकुर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता अण्डर 12, अण्डर. 15, अण्डर 19 वर्ग के बालक, बालिकाओं ने भाग लिया था। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा शहर के कई रेंक होल्डर खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें खिलाड़ियो ने अपने-अपने मुकाबले जीते। वहीं रेंक होल्डर प्लेयर डॉ. अरविन्द गोस्वामी, श्रेयांश जैन, जयदीप यादव ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर शतरंज में अपने हुनर दिखायें। उन्होंने अपने-अपने प्रतिद्वद्वियों को आसानी से शिकस्त दी। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय प्राचार्य डॉ. रविकांत वाजपेयजुला तथा विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। शतरंज प्रतियोगिता को लेकर रविकांत बाजपेयजुला कहा कि शतरंज एक खेल मात्र नहीं है यह मानसिक विकास का मंत्र भी है। विद्यालय का उद्देश्य है, कि यहां का विद्यार्थी चहुमुखी विकास करे और शतरंज के खेल में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराये।

## रायकवार समाज मछुआ संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** रायकवार समाज मछुआ संघ के सदस्यों ने विधायक निवास पर पहुंचकर विधायक शैलेंद्र जैन एवं निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार को सागर तालाब पट्टे पर देने के लिये ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में अपनी जीविकोपार्जन के लिये लाखा बंजारा झील को पट्टे पर उपलब्ध कराने हेतु मांग की है उन्होंने बताया हम लगभग 320 मछुआरे अपने परिवार के भरण पोषण के लिये तालाब पर आश्रित है जो मछली पकड़ कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वर्ष 2017 से स्मार्ट सिटी द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कार्य के कारण पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इस वर्ष पट्टे के नवीनीकरण करने में सहयोग करे, संघ के सदस्यों ने विधायक जैन को आश्वस्त किया है कि तालाब की साफ सफाई और उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज का मेधावी छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**800 अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान**

**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह रविन्द्र भवन मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर समाज गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री लखन पटेल स्वतंत्र प्रभार, लता वानखेड़े सांसद, भागवत पटेल पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक उप्र, यूथ आइकन संतोष पटेल डीएसपी, जीवन पटेल पूर्व राज्य परिवहन अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री, विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार पटेल एसडीओ कृषि विभाग, डॉ. सुरेंद्र पडरया, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. आशीष पटेल, गोवर्धन पटेल एडीओपी रहे। कुर्मी समाज के प्रतिभाशाली 800,10 वीं 12 वीं के 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षा में पीएससी यूपीएससी नीट प्रतियोगी में सफल हुये बच्चों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा उद्बोधित करते हुये समस्त मेधावी छात्राओं को मेधावी छात्र-छात्राओं प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया सभी अतिथियों ने अपने ओजस्वी विचारों से उचित मार्गदर्शन दिया बच्चों के सुनहरे भविष्य के संबंध में अपने विचार रखें समाज के बच्चों का भविष्य कैसे संभाला जाये कैसे उज्ज्वल किया जाये। समाज के निर्धन बच्चों को समाज संगठन द्वारा गोद लेकर अध्ययन कराने का निर्णय लिया गया साथ समाज द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय विशेषज्ञो द्वारा करायी जावेगी। स्वागत भाषण युवा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र कुर्मी ने दिया। संचालन भगवान कुर्मी ने किया। कार्यक्रम में समाज का एजेंडा एड. रोशन सिंह कुर्मी, आभार हरगोविंद कुर्मी व डॉ. शैलेन्द्र सचान ने किया। इस अवसर पर एड. हरदास कुर्मी, कपिल कुर्मी, अशोक कुर्मी, प्रहलाद पटेल, कृष्णा पटेल, महेंद्र सिगोनिया, डॉ. सुरेंद्र पंडरिया, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. उमेश पटेल, गोवर्धन कुर्मी, विजय पटेल, जवाहर कुर्मी, मोतीलाल पटेल, संतोष पटेल सहित समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में जीजा-साले को दो साल की सजा

**सागर, देशबन्धु।** पंचम अपर सत्र न्यायाधीश सुधांशु सक्सेना की अदालत ने मारपीट के एक मामले में दो आरोपियों को दो-दो वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। दोषी बीनू उर्फ शुभाषीश तिवारी 40 और गौरव शुक्ला 30, दोनों निवासी ढाना ने रॉड और लाठियों से हमला कर फरियादी को गंभीर रूप से घायल किया था। अभियोजन के अनुसारए घटना 30 मार्च 2021 की रात करीब 11 बजे ग्राम बन्नाद स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई। फरियादी अजय और अभय के साथ आरोपियों ने गालीगलौज की और मना करने पर लोहे की रॉड व लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में अभय के सिर में गंभीर चोट आई थी। फरियादी अजय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पैतृक जमीन को लेकर बीनू तिवारी और उनके परिवार से पुरानी रंजिश चल रही है। घटना के दिन वह अभय के साथ ट्रैक्टर लेकर खेती के लिये ढाना जा रहा था, तभी रास्ते में बीनू और गौरव ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की और न्यायालय में चालान पेश किया। अदालत ने अभियोजन द्वारा पेश किये गये साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुये सजा सुनाई।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश मंत्री का किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह का दमोह से भोपाल जाते समय सागर में अल्प प्रवास हुआ। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला इकाई ने कर्मचारियों की समस्यायों पर चर्चा की जिसमें प्रमुख रूप से स्थायी कर्मियों की वर्षो से लंबित मांग को प्रमुखता से रखा, जिसपर जितेन्द्र सिंह ने संघ की जिला इकाई को आश्वस्त किया कि संगठन हमेशा से कर्मचारियों के हित को लेकर सजग और जागरूक हैं सभी कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदेश के विभागीय अधिकारियों और शासन को लगातार समस्याओं से अवगत कराकर हल करवा रहा है। इसमें कर्मचारियों की स्वास्थ्य बीमा, केन्द्र के समान महगांई भत्ता, वर्षों से लंबित मकान भाड़ा भत्ता, राज्य कर्मचारियों को पदोन्नति लाभ आदि प्रमुखता से हल करवा है, अब हमारा लक्ष्य वेतन विसंगति ग्रेड पे सुधार और शीघ्र ही स्थायी कर्मियों के विनियमितीकरण का आदेश जारी कराने के लिये उचित मंच पर विषय को रखेगा और आदेश जारी करायेगा। स्वागत करने वालों में संभाग अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, जिला संघठन मंत्री अशोक तिवारी एवं आशुतोष पाराशर, राजशेखर सेन, दुलीचंद पटेल, हरिगोविंद मिश्रा, मनहरण अग्निहोत्री सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व संगीत दिवस मनाया




**सागर, देशबन्धु।** स्थानीय सांस्कृतिक संस्था श्री वैदिक लोक कला संस्कृति संस्थान द्वारा पुरव्याऊ टौरी काली तिगड्डा पर विश्व संगीत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दामोदर प्रजापति, वरिष्ठ लोक गायक शिवरतन यादव संस्था सचिव हर्षा चौरसिया, राजेश चौरसिया, पवन चौरसिया अमन चौरसिया, आलोक दिक्षित, हरिश्चंद्र रैकवार, मिक्की रैकवार, राव्या चौरसिया, वैदिक चौरसिया आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना एवं संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंत में समस्त कलाकारों का आभार डॉ. अतुल श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

## पांच साल से अधिक समय से पदस्थ पुलिसकर्मी हटेंगे

**बीना, देशबन्धु।** सब डिवीजन में मप्र पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिसकर्मियों के तबादले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थानों में 21 पुलिसकर्मी पांच साल से एक ही जगह पर काम करते हैं। इनमें एक प्रधान आरक्षक, 8 कार्यवाहक प्रधान आरक्षक और 12 आरक्षक शामिल हैं। बीना एसडीओपी नितेश पटेल ने बताया कि सब डिवीजन में 40 से 50 पुलिसकर्मी 5 से 10 साल से एक ही स्थान पर तैनात हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेज दी है। बीना एसडीओपी ने बताया कि स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों से शिकायतें मिल रही थीं। एक ही थाने में लंबे समय से तैनात कर्मचारी स्थानीय प्रभाव में काम कर रहे थे। वे निजी रिश्तों के आधार पर काम कर रहे थे। इससे निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। जल्द ही इन पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर के आदेश जारी किये जायेंगे।

## सभी वार्डों में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को चिन्हित करने का कार्य प्रारंभ



**सागर, देशबन्धु।** बारिश के दौरान शहर के किसी भी वार्ड में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि न हो, इसको दृष्टिगत रखते हुये निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सभी वार्डों के इंजीनियर को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने वार्डों में क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो चुके भवनों का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करें। निगमायुक्त के निर्देशानुसार रविवार को शुक्रवारी वार्ड, कटरा वार्ड एवं लक्ष्मीपुरा वार्ड में संबंधित वार्ड के इंजीनियर द्वारा जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों का निरीक्षण कर लाल स्याही से क्रास लगाकर चिन्हित किया गया। शुक्रवारी वार्ड में शेख खलील पिता शेख याकूब, कटरा वार्ड में सतभैया का मकान, लक्ष्मीपुरा वार्ड में डॉ. बाखले एवं विश्वामित्र, आनंदपाल, आदित्यनाथ पिता वासुदेव पांडेय का मकान जर्जर एवं क्षतिग्रस्त पाये जाने पर भवन स्वामियों को चेतावनी दी गई कि उक्त जर्जर भवन में निवास न करें, उसे खाली कर दें जिससे बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना न रहे।

# महिला जैन मिलन द्वारा योग दिवस पर भावना योग, सौ लोगों ने लिया भाग



**सागर, देशबन्धु।** विश्व योग दिवस के अवसर पर महिला जैन मिलन क्षेत्र 10 नेहानगर शाखा द्वारा भावना योग शिविर जैन धर्मशाला में आयोजित किया गया। मुनिश्री प्रमाण सागर की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त भावना योग का आयोजन योग शिविर के अवसर पर किया गया जिसमें 100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महावीर वंदना के साथ प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम प्रशिक्षक सुनीता जैन ने भावना योग के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाव ना योग के माध्यम से अपने अंदर पॉजिटिव एनर्जी का संग्रह करना है और इसके कारण ही हम शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास कर सकते हैं प्रतिदिन सुबह 30 मिनट भावना योग करने से आपकी दैनिक दिनचर्या में एवं कार्य क्षमता में प्रगति होगी। प्रशिक्षक अंशिका जैन के द्वारा योग कराया गया। सभी ने 1 घंटे तक भावना योग किया अंत में सभी वीर, वीरांगनाओं ने योग दिवस एवं भावना योग पर अपने विचार रखें सभी ने बताया कि कैसे योग हमारे जीवन शारीरिक, मानसिक रूप से उपयोगी है अंत में महिला जैन मिलन द्वारा प्रशिक्षिक सुनीता जैन, अंशिका जैन का सम्मान किया गया। संचालन रुचि सेठ ने किया एवं आभार मनीषा जैन ने माना।

# विचार समिति ने मंगलगिरी पहाड़ी पर सिंदूर उद्यान की स्थापना की



**सागर, देशबन्धु।** जहां नारी सशक्त होती है, वहां समाज प्रगति करता है। इस विचार को साकार करने वाला एक प्रेरणादायक आयोजन मंगलगिरी पहाड़ी पर देखा गया, जब आपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में विचार समिति द्वारा आयोजित पौधारोपण में महिलाओं ने नारी शक्ति के शौर्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना के प्रतीक स्वरूप 121 सिंदूर के पौधे रोपे। यह आयोजन सिर्फ एक पौधारोपण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन बन गया है, जिसमें नारी शक्ति, देशभक्ति और प्रकृति संरक्षण का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में मंगलगिरी में सिंदूर उद्यान की स्थापना 22 जून को की गई है। यह सिर्फ पौधारोपण नहीं, यह समाज में जागरूकता का बीज बोने जैसा है। आपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि नारी स्वयं सशक्त हो जाये, तो वह अन्य महिलाओं को भी दिशा दिखा सकती है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में पौधे के साथ महिलाओं के नाम की तख्ती लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सिंदूर का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर वृक्ष है। यह पौधा न सिर्फ पर्यावरण के लिये लाभकारी है, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समर्पण और नारी के सम्मान का प्रतीक माना जाता है। सिंदूर को भारतीय संस्कृति में सुहाग, शक्ति और आस्था का प्रतीक माना गया है, इसलिये इस पौधे को लगाना एक गहरा संदेश देने जैसा रहा। उन्होंने कहा कि मंगलगिरी में 12 हजार से अधिक पौधे लगाये गये थे। समिति द्वारा अच्छी देखरेख में आज इन पौधों ने पहाड़ी क्षेत्र में जंगल का रूप ले लिया है। महिलाओं द्वारा लगाये जा रहे सिंदूर के पौधों की भी देखरेख समिति द्वारा की जायेगी। कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि महिलाओं ने जब एक-एक पौधा रोपित किया, तो वातावरण में एक पवित्र और सशक्त ऊर्जा का संचार हुआ। हर पौधे के साथ महिलाओं ने एक संकल्प लिया हम नारी सुरक्षा और प्रकृति संरक्षण दोनों के लिये जागरूक रहेंगी और समाज को भी जागरूक करेंगी। इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष मंगलगिरी ट्रस्ट जय कुमार जैन उपस्थित थे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।